उत्तर : बड़े भाई साहब जल्दबाजी में काम करना पसंद नहीं करते थे । वे उपदेश की कला में निपुण थे । वे छोटे भाई को सही राह दिखाना अपना कर्तव्य समझते थे ।

प्रश्न 2. : अंग्रेजी पढ़ने के बारे में बड़े भाई ने अपने छोटे भाई से क्या कहा ?

उत्तर : अंग्रेजी पढ़ना कोई हँसी-खेल नहीं है । कोई भी ऐसे ही अंग्रेजी नहीं सीखता । इसके लिए मेहनत करनी पड़ती है ।

प्रश्न 3. : फेल होने पर बड़े भाई का उदास होना, छोटे भाई को कैसा लगा ?

उत्तर : बड़े भाई को उदास देखकर छोटे भाई के मन में उनके प्रति सहानुभूति उत्पन्न हुई । उनके लिए बुरा सोचना अच्छा नहीं लगा ।

प्रश्न 4. : इस कहानी का संदेश क्या है ?

उत्तर : रटने से अच्छा समझकर पढ़ना होता है । पढ़ाई-लिखाई के साथ खेलकूद भी महत्वपूर्ण है । जीवन का अनुभव पढ़ाई से कम महत्वपूर्ण नहीं है ।

— * —

पाठ / पाठ-10

1.0 एक नजरे पाठ

2.0 पाठ - 'ऐसे–ऐसे' (एकांकी / एकांकी नाटक)

3.0 पाठेर सारांश

4.0 शब्दावली

5.0 बागधारा ও অভিব্যক্তি

1.0 एक नजरे पाठ

मोहनेर भालो लागछे ना। तार पेटे ऐसे-ऐसे करछे। ওর বাবা মা চিন্তিত হয়ে একজন কবিরাজ ও একজন ডাক্তারকেও ডাকলো। অবশেষে তার ক্লাস টিচার এসে বললেন আসলে ও হোম ওয়ার্ক করেনি তো তাই ওর ঐসে-ঐসে অসুখ করেছে।

2.0 पाठ ऐसे–ऐसे (केमन केमन करछे)

–विष्णु प्रभाकर

पात्र–परिचय

मोहन	:	एक विद्यार्थी
दीनानाथ	:	एक पड़ोसी
माँ	:	मोहन की माँ
पिता	:	मोहन के पिता
मास्टर	:	मोहन के मास्टर जी ।

वैद्य जी, डॉक्टर तथा एक पड़ोसिन ।

(सड़क के किनारे एक सुंदर फ्लैट में बैठक का दृश्य । उसका एक दरवाज़ा सड़क वाले बरामदे में खुलता है, दूसरा अंदर के कमरे में, तीसरा रसोईघर में । अलमारियों में पुस्तकें लगी हैं । एक ओर रेडियो का सेट है । दोनों ओर दो छोटे तख्त हैं, जिन पर गलीचे बिछे हैं । बीच में कुरसियाँ हैं। एक छोटी मेज़ भी है । उस पर फोन रखा है । परदा उठने पर मोहन एक तख्त पर लेटा है । आठ–नौ वर्ष के लगभग उम्र होगी उसकी । तीसरी क्लास में पढ़ता है । इस समय बड़ा बेचैन जान पड़ता है । बार–बार पेट को पकड़ता है । उसके माता–पिता पास बैठे हैं ।)

माँ : (पुचकारकर) न-न, ऐसे मत कर ! अभी ठीक हुआ जाता है । अभी डॉक्टर को बुलाया है । ले तब तक सेंक ले । (चादर हटाकर पेट पर बोतल रखती है । फिर मोहन के पिता की ओर मुड़ती है ।) इसने कहीं कुछ अंट-शंट तो नहीं खा लिया ?

पिता : कहाँ ? कुछ भी नहीं । सिर्फ एक केला और एक संतरा खाया था । अरे, यह तो दफ़्तर से चलने तक कूदता फिर रहा था । बस अड्डे पर आकर यकायक बोला- पिता जी, मेरे पेट में तो कुछ 'ऐसे-ऐसे' हो रहा है ।

माँ : कैसे ?

पिता : बस 'ऐसे-ऐसे' करता रहा । मैंने कहा - अरे, गड़गड़ होती है? तो बोला - नहीं । फिर पूछा - चाकू-सा चुभता है ? तो जवाब दिया - नहीं । गोला-सा फूटता है ? तो बोला- नहीं । जो पूछा उसका जवाब - नहीं । बस एक ही रट लगाता रहा, कुछ 'ऐसे-ऐसे' होता है ।

माँ : (हँसकर) हँसी की हँसी, दुख का दुख, यह 'ऐसे-ऐसे' क्या होता है? कोई नयी बीमारी तो नहीं ? बेचारे का मुँह कैसे उतर गया है ! हवाइयाँ उड़ रही हैं ।

पिता : अजी, एकदम सफ़ेद पड़ गया था । खड़ा नहीं रहा गया । बस में भी नाचता रहा - मेरे पेट में 'ऐसे-ऐसे' होता है । 'ऐसे-ऐसे' होता है ।

मोहन : (जोर से कराहकर) माँ ! ओ माँ !

माँ : न-न मेरे बेटे, मेरे लाल, ऐसे नहीं । अजी, ज़रा देखना, डॉक्टर क्यों नहीं आया ! इसे तो कुछ ज़्यादा ही तकलीफ जान पड़ती है । यह 'ऐसे-ऐसे' तो कोई बड़ी खराब बीमारी है । देखो न, कैसे लोट रहा है ! ज़रा भी कल नहीं पड़ती । हींग, चूरन, पिपरमिंट सब दे चुकी हूँ । वैद्य जी आ जाते !
(तभी फोन की घंटी बजती है । मोहन के पिता उठाते हैं)

पिता : यह 72143332 है । जी, जी हाँ । बोल रहा हूँ. . . . कौन ? डॉक्टर साहब! जी हाँ, मोहन के पेट में दर्द है... जी नहीं, खाया तो कुछ नहीं.... बस यही कह रहा है.... बस जी .... नहीं, गिरा भी नहीं .... 'ऐसे-ऐसे' होता है । बस जी 'ऐसे-ऐसे' होता है । बस जी, 'ऐसे-ऐसे' ! यह 'ऐसे-ऐसे' क्या बला है, कुछ समझ में नहीं आता । जी....जी हाँ ! चेहरा एकदम सफ़ेद हो रहा है । नाचा.... नाचता फिरता है.... जी नहीं, दस्त तो नहीं आया..... जी हाँ, पेशाब तो आया था..... जी नहीं, रंग तो नहीं देखा । आप कहें तो अब देख लेंगे.... अच्छा जी ! ज़रा जल्दी आइए । अच्छा जी, बड़ी कृपा है । (फोन

का चोंगा रख देते हैं ।) डॉक्टर साहब चल दिए हैं । पाँच मिनट में आ जाते हैं ।
(पड़ोस के लाला दीनानाथ का प्रवेश । मोहन ज़ोर से कराहता है ।)

मोहन : माँ....माँ....ओ....ओ.... (उल्टी आती है । उठकर नीचे झुकता है । माँ सिर पकड़ती है । मोहन तीन-चार बार 'ओ-ओ' करता है । थूकता है, फिर लेट जाता है ।) हाय, हाय !

माँ : (कमर सहलाती हुई) क्या हो गया ? दोपहर को भला-चंगा गया था । कुछ समझ में नहीं आता ! कैसा पड़ा है ! नहीं तो मोहन भला कब पड़ने वाला है ! हर वक्त घर को सिर पर उठाए रहता है ।

दीनानाथ : अजी, घर क्या, पड़ोस को भी गुलज़ार किए रहता है । इसे छेड़, उसे पछाड़; इसके मुक्का, उसके थप्पड़ । यहाँ-वहाँ, हर कहीं मोहन ही मोहन ।

पिता : बड़ा नटखट है ।

माँ : पर अब तो बेचारा कैसा थक गया है ! मुझे तो डर है कि कल स्कूल कैसे जाएगा ।

दीनानाथ : जी हाँ, कुछ बड़ी तकलीफ़ है, तभी तो पड़ा है । मामूली तकलीफ़ को तो यह कुछ समझता नहीं । पर कोई डर नहीं । मैं वैद्य जी से कह आया हूँ । वे आ ही रहे हैं । ठीक कर देंगे ।

मोहन : (तेज़ी से कराहकर) अरे....रे-रे-रे....ओह !

माँ : (घबराकर) क्या है, बेटा ? क्या हुआ ?

मोहन : (रुआँसा-सा) बड़े ज़ोर से ऐसे-ऐसे होता है । ऐसे-ऐसे ।

माँ : ऐसे कैसे, बेटे ? ऐसे क्या होता है ?

मोहन : ऐसे-ऐसे । (पेट दबाता है ।)
(वैद्य जी का प्रवेश ।)

वैद्य जी : कहाँ है मोहन ? मैंने कहा, जय राम जी की ! कहो बेटा, खेलने से जी भर गया क्या ? कोई धमा-चौकड़ी करने को नहीं बची है क्या ?
(सब उठकर हाथ जोड़ते हैं । वैद्य जी मोहन के पास कुरसी पर बैठ जाते हैं ।)

पिता : वैद्य जी, शाम तक ठीक था । दफ़्तर से चलते वक्त रास्ते में एकदम बोला- मेरे पेट में दर्द होता है । 'ऐसे-ऐसे' होता है । समझ नहीं आता, यह कैसा दर्द है !

वैद्य जी : अभी बता देता हूँ । असल में बच्चा है । समझा नहीं पाता है । (नाड़ी दबाकर) वात का प्रकोप है.... मैंने कहा, बेटा, जीभ तो दिखाओ । (मोहन जीभ निकालता है ।)

कब्ज़ है । पेट साफ़ नहीं हुआ । (पेट टटोलकर) हूँ पेट साफ़ नहीं है । मल रुक जाने से वायु बढ़ गई । क्यों बेटा ? (हाथ की उँगलियों को फैलाकर फिर सिकोड़ते हैं ।) ऐसे-ऐसे होता है ?

मोहन : (कराहकर) जी हाँ.... ओह !

वैद्य जी : (हर्ष से उछलकर) मैंने कहा न, मैं समझ गया । अभी पुड़िया भेजता हूँ । मामूली बात है, पर यही मामूली बात कभी-कभी बड़ों-बड़ों को छका देती है । समझने की बात है। मैंने कहा, आओ जी, दीनानाथ जी, आप ही पुड़िया ले लो । (मोहन की माँ से) आधे-आधे घंटे बाद गरम पानी से देनी है । दो-तीन दस्त होंगे । बस फिर 'ऐसे-ऐसे' ऐसे भागेगा जैसे गधे के सिर से सींग !

(वैद्य जी द्वार की ओर बढ़ते हैं । मोहन के पिता पाँच का नोट निकालते हैं ।)

पिता : वैद्य जी, यह आपकी भेंट । (नोट देते हैं ।)

वैद्य जी : (नोट लेते हुए) अरे मैंने कहा, आप यह क्या करते हैं ? आप और हम क्या दो हैं ?

(अंदर के दरवाज़े से जाते हैं । तभी डॉक्टर प्रवेश करते हैं ।)

डॉक्टर : हैलो मोहन ! क्या बात है ? 'ऐसे-ऐसे' क्या कर लिया ?

(माँ और पिता जी फिर उठते हैं । मोहन कराहता है । डॉक्टर पास बैठते हैं।)

पिता : डॉक्टर साहब, कुछ समझ में नहीं आता ।

डॉक्टर : (पेट दबाने लगते हैं ।) अभी देखता हूँ । जीभ तो दिखाओ बेटा । (मोहन जीभ निकालता है ।) हूँ, तो मिस्टर, आपके पेट में कैसे होता है ? ऐसे-ऐसे ? (मोहन बोलता नहीं, कराहता है ।)

माँ : बताओ, बेटा ! डॉक्टर साहब को समझा दो ।

मोहन : जी...जी... ऐसे-ऐसे । कुछ ऐसे-ऐसे होता है । (हाथ से बताता है । उँगलियाँ भींचता है ।) डॉक्टर साहब, तबीयत तो बड़ी खराब है ।

डॉक्टर : (सहसा गंभीर होकर) वह तो मैं देख रहा हूँ । चेहरा बताता है, इसे काफ़ी दर्द है । असल में कई तरह के दर्द चल पड़े हैं । कौलिक पेन तो है नहीं । और फोड़ा भी नहीं जान पड़ता । (बराबर पेट टटोलता रहता है ।)

माँ : (काँपकर) फोड़ा !

डॉक्टर : जी नहीं, वह नहीं है । बिल्कुल नहीं है । (मोहन से) ज़रा मुँह फिर खोलना। जीभ

निकालो । (मोहन जीभ निकालता है।) हाँ, कब्ज़ ही लगता है । कुछ बदहज़मी भी है । (उठते हुए) कोई बात नहीं । दवा भेजता हूँ । (पिता से) क्यों न आप ही चलें ! मेरा विचार है कि एक ही खुराक पीने के बाद तबीयत ठीक हो जाएगी । कभी-कभी हवा रुक जाती है और फंदा बना लेती है । बस उसी की ऐंठन है ।

(डॉक्टर जाते हैं । मोहन के पिता दस का नोट लिए पीछे-पीछे जाते हैं डॉक्टर साहब को देते हैं ।)

माँ : सेंक तो दूँ डॉक्टर साहब ?

डॉक्टर : (दूर से) हाँ, गरम पानी की बोतल से सेंक दीजिए ।

(डॉक्टर जाते हैं । माँ बोतल उठाती है । पड़ोसिन आती है ।)

पड़ोसिन : क्यों मोहन की माँ, कैसा है मोहन ?

माँ : आओ जी, रामू की काकी ! कैसा क्या होता ! लोचा-लोचा फिरे है । जाने 'ऐसे-ऐसे' दर्द क्या है, लड़के का बुरा हाल कर दिया ।

पड़ोसिन : ना जी, इत्ती नयी-नयी बीमारियाँ निकली हैं । देख लेना, यह भी कोई नया दर्द होगा । राम मारी बीमारियों ने तंग कर दिया । नए-नए बुखार निकल आए हैं । वह बात है कि खाना-पीना तो रहा नहीं ।

माँ : डॉक्टर कहता है कि बदहज़मी है । आज तो रोटी भी उनके साथ खाकर नहीं गया था । वहाँ भी कुछ नहीं खाया । आजकल तो बिना खाए बीमारी होती है । (बाहर से आवाज़ आती है - 'मोहन ! मोहन' । फिर मास्टर जी का प्रवेश होता है ।)

माँ : ओह, मोहन के मास्टर जी हैं । (पुकारकर) आ जाइए !

मास्टर : सुना है कि मोहन के पेट में कुछ 'ऐसे-ऐसे' हो रहा है ! क्यों भाई ? (पास आकर) हाँ, चेहरा तो कुछ उतरा हुआ है । दादा, कल तो स्कूल जाना ..... तुम्हारे बिना तो क्लास में रौनक ही नहीं रहेगी । क्यों माता जी, आपने क्या खिला दिया था इसे ?

माँ : खाया तो बेचारे ने कुछ नहीं ।

मास्टर : तब शायद न खाने का दर्द है । समझ गया, उसी में 'ऐसे-ऐसे' होता है ।

माँ : पर मास्टर जी, वैद्य और डॉक्टर तो दस्त की दवा भेजेंगे ।

मास्टर : माता जी, मोहन की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है । इसकी 'ऐसे-ऐसे' की बीमारी को मैं जानता हूँ । अकसर मोहन जैसे लड़कों को वह हो जाती है ।

माँ : सच ! क्या बीमारी है यह ?

मास्टर : अभी बताता हूँ । (मोहन से) अच्छा साहब ! दर्द तो दूर हो ही जाएगा । डरो मत । बेशक कल स्कूल मत आना । पर हाँ, एक बात तो बताओ, स्कूल का काम तो पूरा कर लिया है ?

(मोहन चुप रहता है ।)

माँ : जवाब दो, बेटा, मास्टर जी क्या पूछते हैं ?

मास्टर : हाँ, बोलो बेटा ।

(मोहन कुछ देर फिर मौन रहता है । फिर इनकार में सिर हिलाता है ।)

मोहन : जी, सब नहीं हुआ ।

मास्टर : हूँ ! शायद सवाल रह गए हैं ।

मोहन : जी !

मास्टर : तो यह बात है । 'ऐसे-ऐसे' काम न करने का डर है ।

माँ : (चौंककर) क्या ?

(मोहन सहसा मुँह छिपा लेता है ।)

मास्टर : (हँसकर) कुछ नहीं, माता जी, मोहन ने महीना भर मौज की । स्कूल का काम रह गया । आज ख्याल आया । बस डर के मारे पेट में 'ऐसे-ऐसे' होने लगा - 'ऐसे-ऐसे' ! अच्छा, उठिए साहब ! आपके 'ऐसे-ऐसे' की दवा मेरे पास है । स्कूल से आपको दो दिन की छुट्टी मिलेगी । आप उसमें काम पूरा करेंगे और आपका 'ऐसे-ऐसे' दूर भाग जाएगा । (मोहन उसी तरह मुँह छिपाए रहता है ।) अब उठकर सवाल शुरू कीजिए । उठिए, खाना मिलेगा।

(मोहन उठता है । माँ ठगी-सी देखती है । दूसरी ओर से पिता और दीनानाथ दवा लेकर प्रवेश करते हैं ।)

माँ : क्यों रे मोहन, तेरे पेट में तो बहुत बड़ी दाढ़ी है । हमारी तो जान निकल गई । पंद्रह-बीस रुपए खर्च हुए, सो अलग । (पिता से) देखा जी आपने !

पिता : (चकित होकर) क्या-क्या हुआ ?

माँ : क्या-क्या होता ! यह 'ऐसे-ऐसे' पेट का दर्द नहीं है, स्कूल का काम न करने का डर है ।

पिता : हें !

(दवा की शीशी हाथ से छूटकर फर्श पर गिर पड़ती है । एक क्षण सब ठगे-से मोहन को देखते हैं । फिर हँस पड़ते हैं ।)

दीनानाथ : वाह, मोहन, वाह !

पिता : वाह, बेटा जी, वाह ! तुमने तो खूब छकाया !

(एक अट्टहास के बाद परदा गिर जाता है ।)

3.0 पाठेर सारांश

मोहन अपने माता-पिता के साथ रहता है । एक दिन अचानक उसने पेट में तेज दर्द होने की शिकायत की । वह इसके अलावा कुछ नहीं बता पा रहा था कि उसके पेट में 'ऐसे-ऐसे' हो रहा है। उसकी पीड़ा को देखकर पहले घर में वैद्य को बुलाया जाता है, और बाद में डॉक्टर को । दोनों ही मोहन को कब्ज और बदहजमी की शिकायत बताकर अपनी-अपनी दवाइयाँ भिजवाते हैं । तभी मोहन के मास्टर जी वहाँ आ जाते हैं । मास्टर जी बताते हैं कि मोहन ने स्कूल का कार्य समय रहते नहीं किया । इसी कारण मोहन तबीयत खराब होने का बहाना बना रहा है । मास्टर जी ने होम वर्क पूरा करने के लिए मोहन को दो दिन की छुट्टी दे दी और मोहन की तबीयत ठीक हो गई ।

4.0 शब्दावली

दृश्य	দৃশ্য	कल	উপশম
गलीचा	গালিচা	चोंगा	চোঙ
रसोईघर	রান্নাঘর	कराहना	কোঁকানো
सेंकना	সেঁকা	वात	বায়ু
अंट-शंट	আজে বাজে	प्रकोप	প্রকোপ
यकायक	হঠাৎ	कब्ज़	কোষ্ঠকাঠিন্য
गड़गड़	গুড়গুড়	बदहज़मी	বদহজম
लोटना	গড়াগড়ি	अट्टहास	অট্টহাসি

5.0 বাগ্‌ধারা ও অভিব্যক্তি

1)	मुँह उतरना	=	माँ को बीमार देखकर अशोक का मुँह उतर गया ।
2)	हवाइयाँ उड़ना	=	झूठ पकड़े जाने पर उसके चेहरे पर हवाइयाँ उड़ने लगीं ।
3)	सफेद पड़ना	=	डर के मारे उसका चेहरा सफेद पड़ गया ।
4)	भला-चंगा	=	कल तक प्रमोद भला-चंगा था, आज अस्पताल कैसे पहुँच गया ?
5)	घर सिर पर उठाना	=	ऐसा मैंने क्या कह दिया कि तुमने पूरा घर सिर पर उठा लिया ।
6)	गधे के सिर से सींग	=	तुम तो ऐसे गायब हो गए जैसे गधे के सिर से सींग ।
7)	लोचा-लोचा फिरना	=	बीमारी के कारण वह इतना कमजोर हो गया है कि घर में वह लोचा-लोचा फिर रहा है ।

— * —

पाठ / পাঠ-11

1.0 এক নজরে পাঠ

2.0 পাঠ - इंटरव्यू (साक्षात्कार / সাক্ষাৎকার)

3.0 শব্দাবলী

4.0 নমুনা / ব্যবহার

5.0 প্র.ন ও উত্তর

1.0 এক নজরে পাঠ

এই পাঠে কথ্য হিন্দী ব্যবহার হয়েছে। প্রয়োগে নীচে উল্লিখিত উল্লেখযোগ্য পরিবর্তন খেয়াল ক ন :-

(i) পাঠশৈলী আনুষ্ঠানিক। বিনয়সূচক आप ব্যবহার করা হয়েছে।

(ii) কথ্য কথাবার্তায় ব্যবহৃত ইংরাজি শব্দের মত এখানে সেরকমভাবে ইংরিজি শব্দ ব্যবহার করা হয়নি।

(iii) কথাবার্তায় কিছু বাক্যে নির্দিষ্ট শব্দ বা শব্দাংশ বাদ দিলেও প্রসঙ্গ অনুসারে সেই একই অর্থের অভিব্যক্তি হয়। যা আপনাকে অনুমান করে নিতে হবে। যেমন ঃ

और हिंदी गाने भी ।

जी बिल्कुल ।

जी हाँ, लगेंगी ।

পাঠে সাক্ষাৎকারের দৃশ্য দেওয়া হয়েছে। সাক্ষাৎকার সমিতি অধ্যক্ষ ও দুজন সদস্য নিয়ে গঠিত। রাজভাষা অধিকারী পদপ্রার্থী শ্রী দিবাকর সমিতির সামনে সাক্ষাৎকার দিচ্ছেন। অধ্যক্ষ প্রার্থীর শিক্ষাগত যোগ্যতা ও অভিজ্ঞতা জানার পর অন্য সদস্যদের প্র.ন করার অনুরোধ করলেন।

2.0 পাঠ इंटरव्यू (সাক্ষাৎকার)

'राजभाषा अधिकारी' पद के लिए इंटरव्यू

दिवाकर : सर ! क्या मैं अंदर आ सकता हूँ ?

अध्यक्ष : आइए, आइए ।

(दिवाकर का प्रवेश)

दिवाकर : आप सभी को मेरा नमस्कार !

अध्यक्ष : बैठिए !

दिवाकर : धन्यवाद सर !

अध्यक्ष : आपका नाम ?

दिवाकर : जी, मेरा नाम दिवाकर है ।

अध्यक्ष : आजकल आप कहाँ काम करते हैं ?

दिवाकर : जी, मैं चेन्नई के एक कॉलेज में हिंदी पढ़ाता हूँ ।

अध्यक्ष : अच्छा, अच्छा! आप हिंदी पढ़ाते हैं ? हिंदी में आप क्या पढ़ाते हैं ?

दिवाकर : जी, मैं आधुनिक कविता पढ़ाता हूँ ।

अध्यक्ष : आपने एम. ए. कहाँ से किया है ?

दिवाकर : जी, मैंने मद्रास विश्वविद्यालय से एम. ए. किया है ।

अध्यक्ष : डॉ. सक्सेना ! आप कुछ पूछना चाहेंगे ?

सक्सेना : अध्यापन छोड़कर आप इस पद पर आना चाहते हैं । कोई खास कारण ?

दिवाकर : सर, कॉलेज में मैं अस्थायी हूँ । फिर राजभाषा का कार्य मुझे ज्यादा पसंद है।

सक्सेना : क्या आपको पता है कि जिस पद के लिए आप यहाँ आए हैं, उसमें आपको कौन से काम करने होंगे ?

दिवाकर : जी ! राजभाषा अधिकारी के रूप में कार्यालय में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन से संबंधित कार्य करने होंगे ।

सक्सेना : अच्छा ! कोई प्रमुख कार्य बताइए ।

दिवाकर : सर ! अनुवाद की अपेक्षा मौलिक रूप से हिंदी में ही प्रारूपण-टिप्पण को बढ़ावा देना होगा ।

सक्सेना : आपको पता होगा कि संविधान के कौन से अनुच्छेद में हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया है ?

दिवाकर : जी, संविधान के अनुच्छेद 343 में ।

अध्यक्ष : डॉ. स्वामी, आप कुछ पूछना चाहेंगे ?

डॉ. स्वामी : आपका प्रिय कवि कौन है ?

दिवाकर : मेरे प्रिय कवि हैं - गोस्वामी तुलसीदास ।

डॉ. स्वामी : और आपका प्रिय उपन्यासकार ?

दिवाकर : प्रेमचंद ।

डॉ. स्वामी : प्रेमचंद का कौन-सा उपन्यास आपको अधिक पसंद है ?

दिवाकर : जी 'निर्मला' मुझे बहुत अच्छा लगता है ।

डॉ. स्वामी : कारण ?

दिवाकर : सर ! क्योंकि इसमें वर्तमान सामाजिक बुराइयों पर प्रकाश डाला गया है ।

डॉ. स्वामी : क्या आप अब भी कुछ पढ़ते रहते हैं ?

दिवाकर : जी हाँ, मुझे भाषा और साहित्य में विशेष रुचि है ।

अध्यक्ष : डॉ. गोपालन, आप कुछ पूछना चाहेंगे ?

डॉ. गोपालन : क्या दक्षिण भारत में छात्र हिंदी पढ़ने में रुचि लेते हैं ?

दिवाकर : जी हाँ ! बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ हिंदी पढ़ते हैं ।

डॉ. गोपालन : क्या पढ़ने के अलावा भी उनमें हिंदी के प्रति लगाव दिखता है ?

दिवाकर : जी बिल्कुल । वे हिंदी फिल्में और धारावाहिक खूब पसंद करते हैं । और हिंदी गाने भी। वहाँ हिंदी मेलों में काफी भीड़ रहती है ।

डॉ. गोपालन : विश्वविद्यालय के अलावा चेन्नई में हिंदी सीखने की क्या स्थिति है ?

दिवाकर : चेन्नई में तो कई स्थानों पर हिंदी की पढ़ाई होती है । और दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा उन्हें प्रमाण-पत्र भी देती है ।

अध्यक्ष : आपने अभी बताया था कि आपकी रुचि हिंदी साहित्य में भी है ।

दिवाकर : जी महोदय !

अध्यक्ष : आपने कहा था कि कवि तुलसीदास आपको बहुत पसंद हैं । उनकी कुछ रचनाओं के नाम बताइए।

दिवाकर : जी, रामचरितमानस तो उनकी विश्वप्रसिद्ध रचना है। इसके आतिरिक्त विनय पत्रिका और कवितावली आदि भी हैं। ।

अध्यक्ष : आपने ठीक कहा । क्या आप कुछ आधुनिक रचनाकारों के बारे में भी बता सकते हैं?

दिवाकर : जी हाँ ! मैंने छायावादी कवि जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', सुमित्रानंदन पंत और महादेवी वर्मा को भी पढ़ा है ।

अध्यक्ष : आपने अज्ञेय की कोई रचना पढ़ी है ?

दिवाकर : जी 'नदी के द्वीप' मुझे पसंद है ।

अध्यक्ष : यदि आप चुन लिए गए, तो कब तक अपना कार्यभार ग्रहण कर सकेंगे ?

दिवाकर : मुझे कम से कम एक महीने का समय चाहिए ।

अध्यक्ष : अच्छा, धन्यवाद

दिवाकर : धन्यवाद सर । नमस्कार ।

3.0 शब्दावली

अध्यक्ष	अध्यक्ष / सभापति	प्रिय	प्रिय
अध्यापन	अध्यापना	वर्तमान	वर्तमान
पद	पद	सामाजिक	सामाजिक
अस्थायी	अस्थायी	प्रकाश डालना	आलोकपात करा
राजभाषा	राजभाषा	साहित्य	साहित्य
कार्यालय	कार्यालय	छात्र	छात्र
कार्यान्वयन	वास्तवायन	रुचि/लगाव	चि / तीव्र इच्छा
प्रमुख	मुख्य	धारावाहिक	धारावाहिक
अनुवाद	अनुवाद	भीड़	भीड़
प्रारूपण	खसड़ा	स्थिति	स्थिति
टिप्पण	मन्तव्य	प्रमाण-पत्र	प्रमाण पत्र
अनुच्छेद	अनुच्छेद	आधुनिक	आधुनिक
दर्जा	श्रेणी	रचनाकार	रचनाकार / साहित्यकार

4.0 নমুনা ও ব্যবহার

4.1 জী- এর ব্যবহার

জী সম্মানসূচক শব্দ বাংলায় যেমন শ্রীযুক্ত / মহাশয় ব্যবহার করা হয়। হিন্দীতে জী নানাভাবে ব্যবহৃত হয়। যেমন :-

(ক) কোন জিজ্ঞাসার উত্তরে কিছু বলার আগে (ভাবার সময় নেওয়ার জন্য)। যেমন ঃ

আপনে এম. এ. কব কিয়া ?

জী, পিছলে বর্ষ ।

মি. দিবাকর, জিস পদ কে লিএ আপ আএ হৈং উসমেং আপকো কৌন-সে কাম করনে হোংগে ?

জী, রাজভাষা অধিকারী কে রূপ মেং কার্যালয মেং রাজভাষা হিংদী কে কার্যান্বয়ন সে সংবংধিত কার্য করনে হোংগে ।

(খ) 'আজ্ঞে' বা 'আবার বলুন শুনতে পাই নি' এই ধরনের ভাব প্রকাশের জন্য সাধারণতঃ জী ব্যবহার করা হয়। অনেক সময় টেলিফোনে কথাবার্তা চালাকালিন জী-র সামান্য দীর্ঘায়িত ও বলাঘাত উচ্চারণ করা হয়।

ক্যা আপনে দংগল ফিল্ম দেখী হৈ ?

জী ? সাফ সুনাই নহীং দে রহা হৈ ।

মৈং পূছ রহী হূঁ, ক্যা আপনে আমির খান কী ফিল্ম দংগল দেখী হৈ ?

জী হাঁ, দেখী হৈ ।

(গ) কথোপকথনে শ্রোতা মন দিয়ে কথা শুনছে এমন ভাব প্রকাশের জন্য জী-এর ব্যবহার করা হয়। ঠিক বাংলায় যেমন কথা শুনতে শুনতে বারবার 'হ্যাঁ' 'হ্যাঁ' বলা হয়। যেমন ঃ

কল আপ দফ়্তর গই থীং ?

জী ।

ক্যা আপ বিশ্ব পুস্তক মেলা দেখনে গএ থে ?

জী ।

(ঘ) জী কখনো ককনো অচ্ছা জী -র সংক্ষিপ্ত রূপেও ব্যবহৃত হয়। যেমন ঃ

কল তীন বজে তক আ জানা ।

জী ।

কমরা বিল্কুল সাফ হোনা চাহিএ ।

জী ।

(ঙ) জী কখনো-কখনো নামের পরেও বসে, যেমন বাংলাতে সম্মানসূচক শ্রী বা শ্রীমতী লেখা হয়। যেমন ঃ

পবন জী চাচা জী

কুমুদ জী মামী জী

শ্রীমতী জী

4.2 অসমাপিকা যোগে যৌগিক ক্রি য়ার ব্যবহার।

কিছু যৌগিক ক্রি য়া নিম্নলিখিত রূপে লেখা হয় :-

(ক) (i)- না অসমাপিকা + সমাপিকা ক্রি য়া (पढ़ना + चाहता है, पढ़ना + जानता है)

নিম্নলিখিত বাক্যগুলি পড়ুন এবং ক্রি য়া রূপের ব্যবহার লক্ষ্য ক ন :-

1	2	3	4
क्या	आप आप तुम डॉ. मेहता	कुछ हिंदीतर भाषियों को साहित्यिक हिंदी बंगला में डिप्लोमा परीक्षा अज्ञेय का उपन्यास	पूछना चाहेंगे ? पढ़ाना चाहेंगे ? पास करना चाहते हो ? पढ़ना चाहते हैं ?

দ্রষ্টব্য : লক্ষ্য ক ন যে উপরোক্ত বাক্যগুলিতে করনা, পূছনা, পঢ়না ইত্যাদি ক্রি য়ারূপের কোনো পরিবর্তন হয়নি। অন্য দুটি ক্রি য়া রূপ, জাননা, সীখনা অনির্দিষ্ট অসমাপিকা ক্রি য়ার সঙ্গে যুক্ত হয়েছে। যেমন ঃ – জাননা

मैं नाव चलाना जानता हूँ ।	अमित जादू दिखाना जानता है ।
मैं कागज के फूल बनाना जानता हूँ ।	वह नारियल के पेड़ पर चढ़ना जानता है ।
मोहन सिंह स्कूटर की सफाई करना जानता है ।	वह इडली बनाना जानता है ।

– সীখনা

मैं नाव चलाना सीख रहा हूँ ।

मैं कागज के फूल बनाना सीखता हूँ ।

मोहन सिंह स्कूटर की सफाई करना सीख रहा है ।

वे टेनिस खेलना सीख रहे हैं ।

(ii) এবার নিম্নলিখিত বাক্যগুলি পড়ুন। লক্ষ্য করবেন যে ক্রিয়াপদ কর্মের অনুসারী এবং অসমাপিকা আ, –এ, –ঈ অন্ত হয়েছে।

नंदिनी गुड़िया बनाना सीख रही है ।

मैं सिलाई करना सीख रही हूँ ।

वह एक और भाषा पढ़ना सीख रहा है ।

वे कंप्यूटर चलाना सीख रहे हैं ।

1	2 (কর্ম)	3
मैंने	कुछ केले	खरीदने चाहे ।
मोहन ने	हिंदी में चिट्ठी	लिखनी चाही ।
मोहन ने	बंगला में डिप्लोमा की परीक्षा	पास करनी चाही ।
मैंने	चिट्ठी रजिस्ट्री डाक से	भेजनी चाही ।
सरला ने	मनीआर्डर से पचास रुपये	भेजने चाहे ।
पिता जी ने	कार की सफाई	करवानी चाही ।

লক্ষ্য ক ন যে, কর্তা + ने গঠনে অসমাপিকা কর্মের বচন ও লিঙ্গর অনুসারী হয়। এখন কর্তা + को বাক্য গঠনের কয়েকটি উদাহরণ দেখুন ঃ

1	2 (কর্ম)	3
मुझे	हिंदी में कविता	करनी आती है ।
तुम्हें	बातें ही	बनानी आती हैं ।
क्या तुम्हें	कागज के फूल	बनाने आते हैं ।
क्या आपको	उर्दू के अक्षर	लिखने आते हैं ।

দ্রষ্টব্য :- (i) বলা যেতে পারে যে, যখন কর্তার পরে অনুসর্গ (ने/को) বসে তখন ক্রিয়া ও অসমাপিকা উভয়ই বচন ও লিঙ্গের দিক থেকে কর্মের অনুসারী হয়।

(ii) কর্তা + কো যুক্ত কয়েকটি ক্রিয়াপদ গঠনে অসমাপিকা - আ, -এ, -ই, অন্ত হয়ে থাকে। যেমন ঃ হোনা, পড়্তা এবং চাহিএ প্রভৃতি।

1	2	3
মুঝে	হর মহীনে পচাস রুপএ	দেনে হোংগে ।
সরলা কো	টাইপ কা কাম ভী	করনা পড়্তা হৈ ।
আপকো	ইতনী দের নহীং	লগানী চাহিএ ।[1]
মোহন কো	ঔর ভী বহুত সে কাম	করনে হোতে হৈং ।

(খ) নে অসমাপিকা + ক্রিয়া (পঢ়্নে + লগতা হৈ, পঢ়্নে + দেতা হৈ)

(i) নিচের বাক্যগুলি পড়ুন এবং নে অসমাপিকা + লগনা -র ক্রিয়াপদ লক্ষ্য ক ন।

1	2	3
বটন দবাতে হী	র৉কেট	ঊপর উঠনে লগতা হৈ ।[2]
শাম হোতে হী	মচ্ছর	কাটনে লগতে হৈং ।
ঠীক নৌ বজে	সাযরন (সাইরন)	বজনে লগতে হৈং ।
মৈং বাহর নিকলা কি	বারিশ	হোনে লগী ।
ধীরে-ধীরে	নাব কী রফ্তার	তেজ হোনে লগী ।[3]

দ্রষ্টব্য :- (i) তৃতীয় সারিতে উল্লিখিত যৌগিক ক্রিয়াগুলি শু করা / আরম্ভ করার ভাব ব্যক্ত করেছে। এ ধরনের বাক্যে ক্রিয়ার সাথে সব সময়-নে যুক্ত থাকে।

(ii) নিম্নলিখিত উদাহরণগুলিতে-নে যুক্ত অসমাপিকা + দেনা ক্রিয়া গঠন লক্ষ্য ক ন।

পহলে মুঝে বোলনে দেং ।

মচ্ছরোং নে রাত ভর সোনে নহীং দিয়া ।[4]

অগর আপ শাংতি সে কাম করনে দেং তো কিতনা অচ্ছা হো ।[5]

---

1. আপনার এত দেরি করা উচিত নয়।
2. বোতাম টিপতেই রকেট ওপরে উঠতে শু করে।
3. আস্তে আস্তে নৌকার গতি দ্রুত হতে লাগল।
4. মশা সারারাত ঘুমোতে দেয় নি।
5. আপনি শান্তিতে কাজ করতে দিলে ভাল হয়।

4.3 ভবিষ্যৎ অর্থে অতীত রূপের ব্যবহার।

ক্রিয়ার অতীত কালের রূপ (আয়া, গয়া) সাধারণতঃ অতীত কালই বোঝায়। যদিও কোনো কোনো ক্ষেত্রে তা ভবিষ্যৎ নির্দেশক হতে পারে। নিম্নলিখিত বাক্যগুলিতে অগর/যদি এবং তো -এর ব্যবহার লক্ষ্য ক ন ঃ

যদি আপ	চুন লিए गए	तो कब तक काम पर	आ सकेंगे ?
यदि आरक्षण	हो गया	तो मैं कल ही यहाँ से	चला जाऊँगा ।
अगर वह दस बजे तक नहीं	आया	तो मैं उसके पास	चला जाऊँगा ।
यदि बारिश	हुई	तो फसल अच्छी	हो जाएगी ।
यदि आप अभी	चले गए	तो आपको गाड़ी	मिल जाएगी ।
अगर उसने इलाज नहीं	करवाया	तो बीमारी	बढ़ जाएगी ।

দ্রষ্টব্য : (i) উপযুক্ত বাক্যগুলিতে প্রত্যেকটিতে দুটি খণ্ডবাক্য আছে। অগর/যদি অতীত বাচক ক্রিয়াপদ ভবিষ্যৎ অর্থে ব্যবহৃত হয়েছে।

(ii) তো -যুক্ত খণ্ডবাক্য যখন ভবিষ্যৎ রূপে থাকে তখন অগর/যদি সাধারণতঃ অতীত অর্থ বোঝায়।

(iii) উপরের উদাহরণগুলির গঠন রীতিতে অনেক সময় অগর/যদি যুক্ত খণ্ডবাক্যে ক্রিয়ার ভাব অভিপ্রায়সূচক হতে পারে। যেমন ঃ

যদি আপ চুন লিए जाएँ तो कब तक काम पर आ सकेंगे ?

अगर आप अपनी मातृभाषा में पढ़ें तो अच्छा होगा ।

(iv) সাধারণতঃ এরকম ক্ষেত্রে আমরা ভবিষ্যৎ কালও ব্যবহার করতে পারি।

अगर दो दिन में पैसे जमा नहीं करेंगे तो जुर्माना देना पड़ेगा ।

5.0 প্রশ্ন ও উত্তর

5.1 আপনার সাহায্যের জন্য পাঠ ভিত্তিক কিছু প্রশ্নের উত্তর নিচে দেওয়া হল।

প্রশ্ন 1 : छायावाद के प्रमुख रचनाकार कौन-कौन हैं ?

উত্তর : जयशंकर प्रसाद और सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ।

प्रश्न 2 : प्रेमचंद के किसी उपन्यास का नाम बताइए ?

उत्तर : सेवासदन

प्रश्न 3 : तुलसीदास और सूरदास की काव्य भाषा क्या थी ?

उत्तर : तुलसीदास की अवधी और सूरदास की ब्रज भाषा ।

प्रश्न 4 : राजभाषा अधिकारी का क्या काम है ?

उत्तर : केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना ।

— * —

पाठ / পাঠ-12

1.0 এক নজরে পাঠ

2.0 পাঠ - 'तुम कब जाओगे, अतिथि' (व्यंग्य কথা / ব্যঙ্গ গল্প)

3.0 গল্পের সারাংশ

4.0 শব্দাবলী

5.0 ব্যাকরণ / প্রয়োগ

6.0 প্র.। ও উত্তর

1.0 এক নজরে পাঠ

'तुम कब जाओगे, अतिथि' প্রখ্যাত ব্যঙ্গকার শরদ যোশী দ্বারা রচিত। আগত জনৈক অতিথির বেশী দিন থাকায় গৃহকর্তার আতিথেয়তার অপব্যবহার, এই গল্পে প্রকাশ করা হয়েছে। এই রকম বিরূপ পরিস্থিতি গৃহকর্তার পারিবারিক পরিবেশকে বিঘ্নিত করে তোলে।

2.0 পাঠ - तुम कब जाओगे, अतिथि (তুমি কবে যাবে, অতিথি)

-शरद जोशी

आज तुम्हारे आगमन के चतुर्थ दिवस पर यह प्रश्न बार-बार मन में घुमड़ रहा है - तुम कब जाओगे, अतिथि ?

तुम्हारे ठीक सामने एक कैलेंडर है। देख रहे हो ना ! इसकी तारीखें अपनी सीमा में नम्रता से फडफ़ड़ाती रहती हैं । विगत दो दिनों से मैं तुम्हें दिखाकर तारीखें बदल रहा हूँ । तुम जानते हो, अगर तुम्हें हिसाब लगाना आता है कि यह चौथा दिन है, तुम्हारे सतत आतिथ्य का चौथा भारी दिन ! पर तुम्हारे जाने की कोई संभावना प्रतीत नहीं होती । लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों एस्ट्रॉनाट्स भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे, जितने समय तुम एक छोटी-सी यात्रा कर मेरे घर आए हो । तुम अपने भारी चरण-कमलों की छाप मेरी ज़मीन पर अंकित कर चुके, तुमने एक अंतरंग निजी संबंध मुझसे स्थापित कर लिया, तुमने मेरी आर्थिक सीमाओं की बैजनी चट्टान देख ली, तुम मेरी काफी मिट्टी खोद चुके । अब तुम लौट जाओ, अतिथि ! तुम्हारे जाने के लिए यह उच्च समय अर्थात् हाईटाइम है। क्या तुम्हें तुम्हारी पृथ्वी नहीं पुकारती ?

उस दिन जब तुम आए थे, मेरा हृदय किसी अज्ञात आशंका से धड़क उठा था । अंदर-ही-अंदर कहीं मेरा बटुआ काँप गया । उसके बावजूद एक स्नेह-भीगी मुस्कराहट के साथ मैं तुमसे गले मिला था और मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते की थी। तुम्हारे सम्मान में ओ अतिथि, हमने रात के भोजन को एकाएक उच्च मध्यमवर्ग के डिनर में बदल दिया था । तुम्हें स्मरण होगा कि दो सब्जियों और रायते के अलावा हमने मीठा भी बनाया था । इस सारे उत्साह और लगन के मूल में एक आशा थी । आशा थी कि दूसरे दिन किसी रेल से एक शानदार मेहमान नवाजी की छाप अपने हृदय में ले तुम चले जाओगे। हम तुमसे रुकने के लिए आग्रह करेंगे, मगर तुम नहीं मानोगे और एक अच्छे अतिथि की तरह चले जाओगे । पर ऐसा नहीं हुआ । दूसरे दिन भी तुम अपनी अतिथि-सुलभ मुस्कान लिए घर में ही बने रहे। हमने अपनी पीड़ा पी ली और प्रसन्न बने रहे । स्वागत-सत्कार के जिस उच्च बिंदु पर हम तुम्हें ले जा चुके थे वहाँ से नीचे उतर हमने फिर दोपहर के भोजन को लंच की गरिमा प्रदान की और रात्रि को तुम्हें सिनेमा दिखाया । हमारे सत्कार का यह आखिरी छोर है, जिससे आगे हम किसी के लिए नहीं बढ़े। इसके तुरंत बाद भावभीनी विदाई का वह भीगा हुआ क्षण आ जाना चाहिए था, जब तुम विदा होते और हम तुम्हें स्टेशन तक छोड़ने जाते । पर तुमने ऐसा नहीं किया ।

तीसरे दिन की सुबह तुमने मुझसे कहा, "मैं लॉन्ड्री में कपड़े देना चाहता हूँ।"

यह आघात अप्रत्याशित था और इसकी चोट मार्मिक थी । तुम्हारे सामीप्य की बेला एकाएक यों रबर की तरह खिंच जाएगी, इसका मुझे अनुमान न था । पहली बार मुझे लगा कि अतिथि सदैव देवता नहीं होता, वह मानव और थोड़े अंशों में राक्षस भी हो सकता है ।

"कहाँ है लॉन्ड्री ?"

"चलो चलते हैं ।" मैंने कहा और अपनी सहज बनियान पर औपचारिक कुर्ता डालने लगा ।

"कहाँ जा रहे हैं ?" पत्नी ने पूछा ।

"इनके कपड़े लॉन्ड्री पर देने हैं ।" मैंने कहा ।

मेरी पत्नी की आँखें एकाएक बड़ी-बड़ी हो गईं । आज से कुछ बरस पूर्व उनकी ऐसी आँखें देख मैंने अपने अकेलेपन की यात्रा समाप्त कर बिस्तर खोल दिया था । पर अब जब वे ही आँखें बड़ी होती हैं तो मन छोटा होने लगता है। वे इस आशंका और भय से बड़ी हुई थीं कि अतिथि अधिक दिनों ठहरेगा।

और आशंका निर्मूल नहीं थी अतिथि । तुम जा नहीं रहे। लॉन्ड्री पर दिए कपड़े धुलकर आ गए और तुम यहीं हो । तुम्हारे भरकम शरीर से सलवटें पड़ी चादर बदली जा चुकी और तुम यहीं हो । तुम्हें देखकर फूट पड़ने वाली मुस्कराहट धीरे-धीरे फीकी पड़कर अब लुप्त हो गई है । ठहाकों के रंगीन गुब्बारे जो कल तक इस कमरे के आकाश में उड़ते थे, अब दिखाई नहीं पड़ते । बातचीत की उछलती

हुई गेंद चर्चा के क्षेत्र के सभी कोणों से टप्पे खाकर फिर सेंटर में आकर चुप पड़ी है । अब इसे न तुम हिला रहे हो, न मैं । कल से मैं उपन्यास पढ़ रहा हूँ और तुम फिल्मी पत्रिका के पन्ने पलट रहे हो । शब्दों का लेन-देन मिट गया और चर्चा के विषय चुक गए । परिवार, बच्चे, नौकरी, फिल्म, राजनीति, रिश्तेदारी, तबादले, पुराने दोस्त, परिवार-नियोजन, महँगाई, साहित्य और यहाँ तक कि आँख मार-मारकर हमने पुरानी प्रेमिकाओं का भी जिक्र कर लिया और अब एक चुप्पी है । सौहार्द अब शनैः-शनैः बोरियत में रूपांतरित हो रहा है । भावनाएँ गालियों का स्वरूप ग्रहण कर रही हैं । पर तुम जा नहीं रहे। किस अदृश्य गोंद में तुम्हारा व्यक्तित्व यहाँ चिपक गया है, मैं इस भेद को सपरिवार नहीं समझ पा रहा हूँ । बार-बार प्रश्न उठ रहा है - तुम कब जाओगे, अतिथि?

कल पत्नी ने धीरे से पूछा था, "कब तक टिकेंगे ये ?"

मैंने कंधे उचका दिए "क्या कह सकता हूँ।"

"मैं तो आज खिचड़ी बना रही हूँ । हल्की रहेगी ।"

"बनाओ ।"

सत्कार की ऊष्मा समाप्त हो रही थी । डिनर से चले थे, खिचड़ी पर आ गए । अब भी अगर तुम अपने बिस्तर को गोलाकार रूप नहीं प्रदान करते तो हमें उपवास तक जाना होगा । तुम्हारे मेरे संबंध एक संक्रमण के दौर से गुजर रहे हैं । तुम्हारे जाने का यह चरम क्षण है। तुम जाओ न अतिथि ।

तुम्हें यहाँ अच्छा लग रहा है ना ? मैं जानता हूँ । दूसरों के यहाँ अच्छा लगता है । अगर बस चलता तो सभी लोग दूसरों के यहाँ रहते, पर ऐसा नहीं हो सकता । अपने घर की महत्ता के गीत इसी कारण गाए गए हैं । 'होम' को इसी कारण 'स्वीट-होम' कहा गया है कि लोग दूसरे के होम की स्वीटनेस को काटने न दौड़ें । तुम्हें यहाँ अच्छा लग रहा है, पर सोचो प्रिय, कि शराफत भी कोई चीज़ होती है और गेट आउट भी एक वाक्य है, जो बोला जा सकता है ।

अपने खर्राटों से एक और रात गुंजायमान करने के बाद कल जो किरण तुम्हारे बिस्तर पर आएगी वह तुम्हारे यहाँ आगमन के बाद पाँचवें सूर्य की परिचित किरण होगी । आशा है, वह तुम्हें चूमेगी और तुम घर लौटने का सम्मानपूर्ण निर्णय ले लोगे । मेरी सहनशीलता की वह अंतिम सुबह होगी । उसके बाद मैं स्टेंड नहीं कर सकूंगा और लड़खड़ा जाऊँगा । मेरे अतिथि, मैं जानता हूँ कि अतिथि देवता होता है, पर आखिर मैं भी मनुष्य हूँ । मैं कोई तुम्हारी तरह देवता नहीं । एक देवता और एक मनुष्य अधिक देर साथ नहीं रहते । देवता दर्शन देकर लौट जाते हैं । तुम लौट जाओ अतिथि । इसी में तुम्हारा देवत्व सुरक्षित रहेगा । इसके पूर्व कि मैं अपनी वाली पर उतरूँ लौट जाओ ।

उफ्, तुम कब जाओगे, अतिथि ?

3.0 গল্পের সারাংশ (कथा का सार)

লেখক के घर में एक अतिथि आया है । प्रारंभ में उसका बहुत आदर-सत्कार हुआ । अतिथि ऐसा है कि जाने का नाम ही नहीं लेता। इस बात से परिवार के लोग दुखी हो गए । लेखक चाहता है कि किसी प्रकार अतिथि विदा हो । किंतु उसे ऐसा संकेत दिखाई नहीं पड़ता । पहले मेहमान के लिए बढ़िया भोजन बनाया जाता था । अब खिचड़ी और उपवास तक की स्थिति आ गई है ।

भारतीय परंपरा में अतिथि को देवता माना गया है । लेखक सोचता है देवता तो दर्शन देकर चले जाते हैं । यह अतिथि जाने का नाम क्यों नहीं ले रहा है?

4.0 शब्दावली

अतिथि	अतिथि	गरिमा	गरिमा
आगमन	आगमन	भावभीनी विदाई	आन्तरिक विदाय
सतत	निरन्तर	आघात	आघात
संभावना	सम्भावना	अप्रत्याशित	अप्रत्याशित
अंतरंग	अन्तरङ्ग	चोट	चोट
चट्टान	शिलाखन्ड	मार्मिक	मार्मिक
अज्ञात	अज्ञात	सदैव	सदैव
आशंका	आशङ्का	औपचारिक	आनुष्ठानिक
बटुआ	बटुया	निर्मूल	निर्मूल
स्नेह-भीगी	स्नेहसिक्त	चादर	चादर
मुस्कराहट	स्मित हासि	सलवटें	कुँचकान
शानदार	शानदार	तबादला	बदलि
मेहमाननवाज़ी	आतिथेयता	सौहार्द	सौहार्द्य
आग्रह	आग्रह	शनैः-शनैः	धीरे धीरे
अतिथि-सुलभ मुस्कान	अतिथिसुलभ हासि	ऊष्मा	ऊष्मा
		बोरियत	बोर हओया
स्वागत-सत्कार	स्वागत अभ्यर्थना	रूपांतरित	रूपान्तरित

चरम-क्षण	चरम मुहूर्त	खर्राटे	नाक डाका
शराफत	भद्रता	गुंजायमान	गुञ्जायमान

5.0 व्याकरण / प्रयोग

5.1 पर्यायवाची शब्द

चाँद – राकेश, शशि, रजनीश

ज़िक्र – उल्लेख, वर्णन

आघात – हमला, चोट

ऊष्मा – गर्मी, ताप

अंतरंग – घनिष्ठ, आंतरिक

5.2 विलोम शब्द

प्रसन्न –	अप्रसन्न	भय –	निर्भय
नीचे –	ऊपर	पुण्य –	पाप
संभव –	असंभव	अच्छा –	बुरा
आखिरी –	पहली	परिचित –	अपरिचित
सम्मान –	अपमान	आगमन –	प्रस्थान
प्रत्याशित –	अप्रत्याशित		

5.3 मुहावरा पाठे व्यवहृत वागधारा

मिट्टी खोदना = (अपमान करा / असहाय करा) असहाय की मिट्टी खोदने से अच्छा है, उसकी सहायता करना।

कंधे उचकाना = (अस्वीकार करा) पिता जी के पूछने के बावजूद बेटा कंधे उचकाकर चला गया।

अपनी वाली पर उतरना = (रूढ़ आचरण करा) रमेश की खीज इतनी बढ़ गई कि वह अपनी वाली पर उतरने को तैयार हो गया।

पीड़ा पी लेना = (मानसिक यन्त्रणा सह्य करा) अधिकारी द्वारा डाँटे जाने पर सहायक को बुरा तो लगा, किंतु वह अपनी पीड़ा पी गया।

6.0 प्रश्न और उत्तर

पाठ-आधारित कुछ प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए हैं :

प्रश्न 1. पाठ के अनुसार 'होम' को 'स्वीट होम' क्यों कहा गया है ?

उत्तर 'होम' को 'स्वीट होम' इसलिए कहा गया है कि लोग दूसरे के 'होम' की 'स्वीटनेस' को काटने न दौड़ें।

प्रश्न 2. अतिथि की कौन-सी बात लेखक को बुरी तरह चुभ गई ?

उत्तर अतिथि का यह वाक्य कि वह लॉन्ड्री में कपड़े देना चाहता है, लेखक को बुरी तरह चुभ गया।

प्रश्न 3. 'तुम कब जाओगे, अतिथि' कथन में लेखक का क्या आशय है ?

उत्तर अतिथि के अधिक दिनों तक टिक जाने से लेखक परेशान था।

— * —

पाठ / पाठ-13

1.0 पाठ - मेरा बचपन (आत्मकथा / आत्मजीवनी)

2.0 शब्दावली

3.0 पाठेर सारांश

4.0 प्र.न ओ उत्तर

5.0 पाठे व्यवहृत वाक्यांश

6.0 व्याकरण

1.0 पाठ मेरा बचपन (आमार छेलेवेला)

(यह पाठ भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जी की आत्मकथा 'अग्नि की उड़ान' का अंश है ।)

मेरा जन्म मद्रास राज्य (अब तमिलनाडु) के रामेश्वरम कस्बे में एक मध्यम वर्गीय तमिल परिवार में हुआ था । मेरे पिता जैनुलाबदीन की कोई बहुत अच्छी औपचारिक शिक्षा नहीं हुई थी और न ही वे कोई बहुत धनी व्यक्ति थे । इसके बावजूद वे बुद्धिमान थे और उनमें उदारता की सच्ची भावना थी । मेरी माँ, आशियम्मा, उनकी आदर्श जीवनसंगिनी थीं । मुझे याद नहीं है कि वे रोजाना कितने लोगों को खाना खिलाती थीं; लेकिन मैं यह पक्के तौर पर कह सकता हूँ कि हमारे सामूहिक परिवार में जितने लोग थे, उससे कहीं ज्यादा लोग हमारे यहाँ भोजन करते थे ।

बचपन में मेरे तीन पक्के दोस्त थे - रामानंद शास्त्री, अरविंदन और शिवप्रकाशन । ये तीनों ही ब्राह्मण परिवारों से थे । रामानंद शास्त्री तो रामेश्वरम मंदिर के सबसे बड़े पुजारी पक्षी लक्ष्मण शास्त्री का बेटा था । अलग-अलग धर्म, पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई को लेकर हममें से किसी भी बच्चे ने कभी भी आपस में कोई भेदभाव महसूस नहीं किया । आगे चलकर रामानंद शास्त्री तो अपने पिता के स्थान पर रामेश्वरम मंदिर का पुजारी बना, अरविंदन ने तीर्थयात्रियों को घुमाने के लिए टेंपो चलाने का कारोबार कर लिया और शिवप्रकाशन दक्षिण रेलवे में खान-पान का ठेकेदार हो गया ।

प्रतिवर्ष होनेवाले श्री सीता-राम विवाह समारोह के दौरान हमारा परिवार विवाह-स्थल तक भगवान श्रीराम की मूर्तियाँ ले जाने के लिए विशेष प्रकार की नावों का बंदोबस्त किया करता था । यह विवाह-स्थल तालाब के बीचों-बीच स्थित था और इसे 'रामतीर्थ' कहते थे । यह हमारे घर के पास ही

था । मेरी माँ और दादी घर के बच्चों को सोते समय 'रामायण' के किस्से और पैगंबर मुहम्मद से जुड़ी घटनाएँ सुनाती थीं ।

जब मैं रामेश्वरम के प्राइमरी स्कूल में पाँचवीं कक्षा में था तब एक दिन एक नए शिक्षक हमारी कक्षा में आए । उन्होंने मुझे उठाकर पीछे वाली बेंच पर चले जाने को कहा । मुझे बहुत बुरा लगा । रामानंद शास्त्री को भी यह बहुत खला । मुझे पीछे की पंक्ति में बैठाए जाते देख वह काफी उदास नजर आ रहा था । उसके चेहरे पर जो रुआँसी के भाव थे, उनकी मुझपर गहरी छाप पड़ी ।

स्कूल की छुट्टी होने पर हम घर गए और सारी घटना घरवालों को बताई । यह सुनकर लक्ष्मण शास्त्री ने उस शिक्षक को बुलाया और कहा कि उसे निर्दोष बच्चों के दिमाग में इस तरह सामाजिक असमानता एवं सांप्रदायिकता का विष नहीं घोलना चाहिए । हम सब भी उस वक्त वहाँ मौजूद थे । लक्ष्मण शास्त्री ने उस शिक्षक से साफ-साफ कह दिया कि या तो वह क्षमा माँगे या फिर स्कूल छोड़कर यहाँ से चला जाए। उस शिक्षक ने अपने किए व्यवहार पर न सिर्फ दुख व्यक्त किया बल्कि लक्ष्मण शास्त्री के कड़े रुख एवं धर्मनिरपेक्षता में उनके विश्वास से उस नौजवान शिक्षक में अंततः बदलाव आ गया ।

मेरे विज्ञान के शिक्षक शिव सुब्रह्मण्य अय्यर कट्टर सनातनी ब्राह्मण थे और उनकी पत्नी घोर रूढ़िवादी थीं । लेकिन वे कुछ-कुछ रूढ़िवाद के खिलाफ हो चले थे । उन्होंने इन सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने के लिए अपनी तरफ से काफी कोशिशें कीं, ताकि विभिन्न वर्गों के लोग आपस में एक-दूसरे के साथ मिल सकें और जातीय असमानता खत्म हो । वे मेरे साथ काफी समय बिताते थे और कहा करते - ''कलाम, मैं तुम्हें ऐसा बनाना चाहता हूँ कि तुम बड़े शहरों के लोगों के बीच एक उच्च शिक्षित व्यक्ति के रूप में पहचाने जाओगे ।''

एक दिन उन्होंने मुझे खाने पर अपने घर बुलाया । उनकी पत्नी इस बात से बहुत ही परेशान एवं भयभीत थीं कि उनकी पवित्र और धर्मनिष्ठ रसोई में एक मुसलमान युवक को भोजन पर आमंत्रित किया गया है । उन्होंने अपनी रसोई के भीतर मुझे खाना खिलाने से साफ इनकार कर दिया । शिव सुब्रह्मण्य अय्यर अपनी पत्नी के इस रुख से जरा भी विचलित नहीं हुए और न ही उन्हें क्रोध आया । बल्कि उन्होंने खुद अपने हाथ से मुझे खाना परोसा और फिर बाहर आकर मेरे पास ही अपना खाना लेकर बैठ गए । उनकी पत्नी यह सब रसोई के दरवाजे के पीछे खड़ी देखती रहीं । मुझे आश्चर्य हो रहा था कि क्या वे मेरे चावल खाने के तरीके, पानी पीने के ढंग और खाना खा चुकने के बाद उस स्थान को साफ करने के तरीके में कोई फर्क देख रही थीं । जब मैं उनके घर से खाना खाने के बाद लौटने लगा तो अय्यर महोदय ने मुझे फिर अगले हफ्ते रात के खाने पर आने को कहा । मेरी हिचकिचाहट को देखते हुए वे बोले, ''इसमें परेशान होने की जरूरत नहीं है । एक बार जब तुम व्यवस्था बदल डालने का फैसला कर लेते हो तो ऐसी समस्याएँ सामने आती ही हैं ।''

अगले हफ्ते जब मैं शिव सुब्रह्मण्य अय्यर के घर रात्रिभोज पर गया तो उनकी पत्नी ही मुझे रसोई में ले गईं और उन्होंने खुद अपने हाथों से मुझे खाना परोसा ।

2.0 শব্দাবলী

कस्बा	ছোট শহর/ শহরতলী	विवाह-स्थल	বিবাহ স্থল
मध्यम वर्ग	মধ্যবিত্ত	बंदोबस्त	বন্দোবস্ত
औपचारिक	আনুষ্ঠানিক	बीचों-बीच	মাঝামাঝি
शिक्षा	শিক্ষা	किस्से	গল্প / কিস্‌সা
धनी	ধনী	पैगंबर	পৈগম্বর
बुद्धिमान	বুদ্ধিমান	घटनाएँ	ঘটনা
उदारता	উদারতা	पीछे वाली बेंच	পেছনের বেঞ্চ
आदर्श	আদর্শ	खलना	খারাপ লাগা
जीवनसंगिनी	জীবনসঙ্গীনী	उदास	উদাস
रोजाना	দৈনিক	रुआँसी	কাঁদো কাঁদো
पक्के तौर पर	পাকাপাকি	गहरी छाप	গভীর ছাপ
सामूहिक परिवार	যৌথ পরিবার	स्कूल की छुट्टी होने पर	স্কুলে ছুটির পর
पक्के दोस्त	ঘনিষ্ঠ বন্ধু		
भेदभाव	ভেদাভেদি	सारी घटना	সমস্ত ঘটনা
महसूस करना	অনুভব করা	निर्दोष	নির্দোষ
तीर्थयात्री	তীর্থযাত্রী	दिमाग	মস্তিষ্ক
कारोबार	কারবার	सामाजिक	সামাজিক
खान-पान	খাওয়া দাওয়া	असमानता	অসমান
ठेकेदार	ঠিকেদার	सांप्रदायिकता	সাম্প্রদায়িকতা
प्रतिवर्ष	প্রতি বছর	वक्त	সময়
समारोह	সমারোহ	मौजूद	উপস্থিত
के दौरान	সেই সময়ে	व्यवहार	ব্যবহার

कड़े रुख	कड़ा आचरण	उच्च शिक्षित	উচ্চ শিক্ষিত
नौजवान	নবযুবক / ত ণ	धर्मनिष्ठ	ধর্মনিষ্ঠ
अंतत:	অন্ততঃ	खाना परोसना	খাবার পরিবেশন করা
रूढ़िवादी	গোঁড়া	हिचकिचाहट	সংকোচ

3.0 पाठेর সারাংশ

डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जी के इस आत्मकथा–अंश में रामेश्वरम में व्याप्त सामाजिक समता और उदारता का वर्णन है । अपने बचपन की घटनाओं के माध्यम से उन्होंने तमिलनाडु के रामेश्वरम क्षेत्र के लोगों के बीच प्रेम, सौहार्द, आपसी समझदारी का चित्रण किया गया है । इस पाठ का यह संदेश है कि व्यवस्था सुधार की कोशिश में अड़चनें आती ही हैं जिनका समाधान संभव है ।

4.0 প্র.ন ও উত্তর

प्रश्न 1. इस पाठ के अंतर्गत श्री सुब्रह्मण्य अय्यर ने कलाम को पुन: अपने यहाँ भोजन पर आमंत्रित किए जाने पर उनकी हिचकिचाहट को देखकर क्या कहा ?

उत्तर सुब्रह्मण्य अय्यर ने कलाम की हिचकिचाहट को देखकर कहा, ''इसमें परेशान होने की जरूरत नहीं है । एक बार जब तुम व्यवस्था बदल डालने का फैसला कर लेते हो तो ऐसी समस्याएँ सामने आती ही हैं ।''

प्रश्न 2. पाठ की किन बातों से रामेश्वरम के लोगों के बीच आपसी मेल–जोल का पता चलता है ?

उत्तर कलाम के सामूहिक परिवार में जितने लोग थे, उससे कहीं ज्यादा लोग उनके यहाँ भोजन करते थे । कलाम का परिवार रामेश्वरम में श्री सीता–राम विवाह समारोह के अवसर पर श्रीराम की मूर्तियाँ ले जाने के लिए नावों का प्रबंध किया करता था । उनकी माँ और दादी बच्चों को रामायण तथा पैगंबर मुहम्मद की कहानियाँ सुनाती थीं । आपसी प्रेम और मेल–जोल के कारण ही कलाम को श्री सुब्रह्मण्य अय्यर के यहाँ भोजन पर आमंत्रित किया जाता था ।

5.0 পাঠে ব্যবহৃত বাক্যাংশ

बुरा लगना	খারাপ লাগা	मेरे भाई के विवाह समारोह में चाचा जी का न आना मुझे बहुत बुरा लगा ।
गहरी छाप	গভীর ছাপ	विवेकानंद जी के विचारों की मेरे मन पर गहरी छाप है ।

विष घोलना	বিষিয়ে দেওয়া	बच्चों के मन में आपसी भेदभाव का विष नहीं घोलना चाहिए ।
उदास नजर आना	উদাস হওয়া	अपना रुचिकर व्यवसाय न मिलने के कारण राधिका उदास नजर आ रही थी ।

6.0 ব্যাকরণ

'इक' प्रत्यय जोड़कर बनाए गए कुछ शब्दों के विशेषण रूप निम्नलिखित हैं :-

समूह + इक = सामूहिक

समाज + इक = सामाजिक

वर्ष + इक = वार्षिक

मास + इक = मासिक

सप्ताह + इक = साप्ताहिक

दिन + इक = दैनिक

पक्ष + इक = पाक्षिक

अर्थ + इक = आर्थिक

दर्शन + इक = दार्शनिक

विचार + इक = वैचारिक

धर्म + इक = धार्मिक

— * —

पाठ / পাঠ -14

1.0 এক নজরে পাঠ

2.0 পাঠ - कार्यालय में बातचीत (वार्तालाप / কথাবার্তা)

3.0 শব্দাবলী

4.0 ব্যাকরণ / বাক্য গঠন
(i) কর্মবাচ্য গঠন
(ii) সরকারী ভাষার বৈশিষ্ট্য

5.0 পাঠের সারাংশ

6.0 সরকারী কাজে ব্যবহৃত ভাষার ওপর নোট

1.0 এক নজরে পাঠ

হিন্দী কেন্দ্রীয় সরকারের রাজভাষা অর্থাৎ সরকারী ভাষা। এই পাঠে বর্তমানে সরকারী কার্যালয়ে যে ধরণের হিন্দী ব্যবহৃত হয় কথোপকথনের ভঙ্গিতে তা প্রকাশ করা হয়েছে। কিছু ইংরাজী শব্দ ও অভিব্যক্তি ইচ্ছাকৃতভাবে পাঠে ব্যবহার করা হয়েছে যাতে প্রযুক্তিগত পরিভাষা ও অভিব্যক্তি হিন্দীতে শেখা এবং একই সঙ্গে ইংরাজীর অনুরূপ পরিভাষার সঙ্গে পরিচিত হওয়া যায়। সরকারী কাজে ব্যবহৃত হিন্দী বাক্যের একটি বৈশিষ্ট্য হল পরোক্ষ ও কর্মবাচ্যতা যেমন 'सरकार ने मोहन को अनुमति दी ।' এই ধরনের বাক্য সাধারণতঃ সরকারী কাজে ব্যবহার করা হয় না। 'मोहन को अनुमति दी गई ।' অথবা 'मोहन को अनुमति मिली' ইত্যাদি বাক্যগুলি সরকারী ভাষার যথাযথ অভিব্যক্তি ।

2.0 পাঠ कार्यालय में बातचीत (কার্যালয়ে কথাবার্তা)

1. किसी निदेशालय में उपनिदेशक का कमरा, सुबह के साढ़े नौ बजे हैं । उप निदेशक श्री गोपालन अपनी कुर्सी पर बैठे हैं ।

(अनुभाग अधिकारी बनर्जी का फाइलों के साथ प्रवेश)

2. बनर्जी : नमस्कार साहब ! कुछ जरूरी फाइलें आपके लिए मार्क थीं । मैं स्वयं ले आया हूँ।

गोपालन : ओह धन्यवाद, मिस्टर बनर्जी ।

बनर्जी : यह एफ. आर. श्रीमती खन्ना का आवेदन है ।

(गोपालन कागज़ हाथ में लेते हैं ।)

गोपालन : एफ. आर. को हिंदी में क्या कहते हैं मि. बनर्जी ?

बनर्जी : जी, एफ. आर. को नई आवती कहते हैं ।

गोपालन : अच्छा, तो इस पर मुझसे डिस्कस . . . . चर्चा करना चाहते हैं ?

बनर्जी : जी ।

3. गोपालन : इसमें आपके इनीशियल के नीचे एक हफ्ते पहले की तारीख लिखी है । क्या कहते हैं इनीशियल को ?

बनर्जी : आद्यक्षर ।

गोपालन : इस पत्र पर इतने दिनों बाद चर्चा क्यों की जा रही है ?

बनर्जी : मैं पिछले सप्ताह बहुत व्यस्त रहा ।

गोपालन : तो बताइए, यह आवती किस संबंध में है ?

बनर्जी : जी, श्रीमती खन्ना भवन निर्माण के लिए ऋण लेना चाहती हैं ।

4. गोपालन : (पत्र पढ़कर) श्रीमती खन्ना ने जमीन खरीद ली है और मकान बनवाने के लिए कर्ज चाहती हैं । इस पर विचार करने से पहले मैं यह जानना चाहता हूँ कि इन्होंने जमीन खरीदने की अनुमति कब ली थी ? प्रीवियस पेपर्स, पहले के कागज़ कहाँ हैं ?

बनर्जी : उन्हें अनुमति लेने के लिए एक निर्धारित प्रपत्र पहले दिया जा चुका है । किंतु अभी तक उन्होंने वह प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किया है । वे कल कह रही थीं कि इस प्रपत्र को भरकर आज खुद आपके पास लाएँगी।

गोपालन : मेरे पास ? मेरे पास क्यों, अनुभाग में ही क्यों नहीं दे देतीं ? आज आप एक कार्यालय आदेश जारी कीजिए कि व्यक्तिगत मामलों से संबंधित आवेदन, अभ्यावेदन आदि सीधे उच्च अधिकारियों के पास जाकर प्रस्तुत न किए जाएँ ।

बनर्जी : जी साहब ।

गोपालन : और श्रीमती खन्ना से, पहले जमीन खरीदने के दस्तावेज मिलने दीजिए ।

बनर्जी : जी साहब । (अनुभाग अधिकारी का प्रस्थान)

(श्रीमती खन्ना का प्रवेश)

5. श्रीमती खन्ना : नमस्कार ।

गोपालन : नमस्कार, कहिए आपके मकान के लिए कर्जवाला मामला है ?

श्रीमती खन्ना : जी नहीं, वह तो अलग है । मैं तो प्रशासन और स्थापना अनुभाग से किसी तकनीकी अनुभाग में स्थानांतरण चाहती हूँ ।

गोपालन : स्थानांतरण ? आप तो सहायक अनुभाग अधिकारी हैं, फिर तकनीकी अनुभाग में स्थानांतरण कैसे ?

श्रीमती खन्ना : जी, माना कि मैं सहायक अनुभाग अधिकारी हूँ मगर मैंने हिंदी में एम.ए. भी किया है । यदि मुझे राजभाषा संबंधी अनुभाग में लगाया जाए तो आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं ।

गोपालन : राजभाषा संबंधी ? क्या अनुवाद वगैरह ?

श्रीमती खन्ना : जी हाँ ।

गोपालन : श्रीमती खन्ना, आप सहायक अनुभाग अधिकारी हैं । तकनीकी अनुभाग में भी आपको वही काम करना होगा जैसे फाइल तैयार करना, नोट प्रस्तुत करना । उस अनुभाग में भी अनुवादक के रूप में पदोन्नति नहीं हो सकेगी । वहाँ तकनीकी सहायक अनुवादक का काम कर रहे हैं । उनकी तरक्की भी वरिष्ठता क्रम से होती है । उनकी संख्या अभी काफी है ।

फिर आपका कैडर तो . . . . कैडर को हिंदी में क्या कहते है ?

श्रीमती खन्ना : जी, संवर्ग

गोपालन : हाँ, वही तो । आपका संवर्ग भी तो अलग है ।

श्रीमती खन्ना : फिर भी सीधी भर्ती का मौका तो मिलेगा ?

गोपालन : भर्ती नियमावली में ऐसी तरक्की का कोई प्रावधान नहीं है । अभी तो डायरेक्ट रिक्रूटमेंट यानी सीधी भर्ती बंद है । लगभग दो वर्षों तक किसी पद के रिक्त होने की बात सोचना बेकार है ।

श्रीमती खन्ना : मुझे अपना भाग्य आजमाने दीजिए ।

गोपालन : अच्छा, विचार किया जाएगा । अभी हम किसी और जरूरी काम में लगे हैं । हमने आपकी बात ध्यान में रख ली है ।

श्रीमती खन्ना : अच्छा साहब, धन्यवाद ।

(प्रस्थान)

3.0 শব্দাবলী

পৈরা – 1	
কার্যালয়	কার্যালয়
নিদেশালয়	নির্দেশালয়
উপনিদেশক	উপনির্দেশক
অনুভাগ অধিকারী	শাখা আধিকারিক
প্রবেশ	প্রবেশ
পৈরা – 2	
ফাইল (স্ত্রী) মিসিল	ফাইল
আবেদন	আবেদন
নই আবতী (স্ত্রী)	নতুন প্রাপ্তি / স্বীকারপত্র
চর্চা করনা	আলোচনা করা / চর্চা করা
পৈরা – 3	
আদ্যক্ষর	ছোট সই / স্বাক্ষর
ব্যস্ত	ব্যস্ত
কর্জ	ধার
জমীন	জমি
পৈরা – 4	
বিচার করনা	বিচার করা
অনুমতি	অনুমতি
নির্ধারিত	নির্ধারিত
প্রপত্র	প্রপত্র / নির্ধারিত করা
প্রস্তুত করনা	প্রস্তুত করা
অনুভাগ	অনুভাগ
কার্যালয় আদেশ	কার্যালয় আদেশ
ব্যক্তিগত মামলে	ব্যক্তি গত বিষয়
অভ্যাবেদন	পুনরাবেদন
আদি	আদি
উচ্চ অধিকারী	উর্দ্ধতন আধিকারিক
দস্তাবেজ	নথিপত্র
পৈরা – 5	
প্রশাসন	প্রশাসন
স্থাপনা	স্থাপনা
তকনীকী	প্রযুক্তি গত
রাজভাষা	রাজভাষা
স্থানাংতরণ	স্থানান্তরণ/ বদলি
অনুবাদক	অনুবাদক
পদোন্নতি	পদোন্নতি
বরিষ্ঠতা ক্রম	বরিষ্ঠতা ক্র ম
সংবর্গ	কর্মীবর্গ
ভর্তী নিয়মাবলী	ভর্ত্তির নিয়মাবলী
প্রাবধান	ব্যবস্থা

3.1 এই পাঠে কিছু প্রযুক্তি গত অভিব্যক্তি ও তার বাংলা অনুবাদ নীচে দেওয়া হয়েছে।

(a)	कुछ जरूरी फाइलें आपके लिए थीं ।	কিছু জ রী ফাইল আপনার জন্য ছিল।
(b)	यह नई आवती श्रीमती खन्ना का आवेदन है।	এই নতুন প্রাপ্তি / স্বীকারপত্রটি শ্রীমতী খান্নার আবেদন পত্র
(c)	आज आप एक कार्यालय आदेश जारी कीजिए ।	আপনি আজ একটি সরকারী আদেশ জারী ক ন।
(d)	प्रार्थी द्वारा व्यक्तिगत मामलों से संबंधित आवेदन, अभ्यावेदन आदि सीधे उच्च अधिकारियों के पास जाकर प्रस्तुत न किए जाएँ ।	ব্যক্তি গত বিষয়ে আবেদন পত্র, প্রতিবেদন পত্র ইত্যাদি সরাসরি উর্দ্ধতন আধিকারিকের কাছে গিয়ে যেন পেশ না করা হয়।
(e)	मैं प्रशासन और स्थापना अनुभाग से किसी तकनीकी अनुभाग में स्थानांतरण चाहती हूँ ।	আমি প্রশাসনিক এবং স্থাপনা বিভাগ থেকে কোনো প্রযুক্তি অনুভাগে / শাখায় বদলি হতে চাই।
(f)	उस अनुभाग में भी आपकी अनुवादक के रूप में पदोन्नति नहीं हो सकेगी ।	ওই অনুভাগেও অনুবাদক রূপে আপনার পদোন্নতি হবে না।
(g)	उनकी तरक्की भी वरिष्ठता क्रम से होती है।	তাঁদের পদোন্নতিও বরিষ্ঠতা ক্র মের ভিত্তিতে হয়।
(h)	भर्ती नियमावली में ऐसी तरक्की की कोई व्यवस्था नहीं है ।	নিয়োগের নিয়মানুযায়ী এরকম পদোন্নতির কোন ব্যবস্থা নেই।

4.0 ব্যকরণ / বাক্যগঠন

4.1 কর্মবাচ্য গঠন

রাজভাষা হিন্দীতে কর্মবাচ্যে বাক্যগঠন খুবই প্রচলিত। সরকারী দপ্তরে যে কাজ করে তার চেয়ে কৃত কাজটি বেশী গু ত্বপূর্ণ। তাই কাজের নৈর্ব্যক্তি ক বৈশিষ্ট্য ভাষার কর্মবাচ্য গঠনের মধ্যে প্রকাশিত হয়। যেমন ঃ

आपके मामले पर विचार किया जाएगा ।

कर्ज की स्वीकृति दी जाएगी ।

कार्यालय आदेश जारी किया जाए ।

কর্মবাচ্য ক্রিয়ার গঠনে দুটি উপাদান থাকে। প্রথম উপাদানটি সবসময় মুখ্য ক্রিয়ার অতীত কাল হয় ও দ্বিতীয় উপাদানটি যা কর্মবাচ্য গঠন করে তা জা এর নিম্নরূপ গঠন অনুসারী হয়।

মুখ্য ক্রিয়া	ক্রিয়ার অতীত রূপ	জা-এর একটি গঠন	কর্মবাচ্য গঠন
কহ	কহা	জাতা হৈ	কহা জাতা হৈ
লিখ	লিখা	জা রহা হৈ	লিখা জা রহা হৈ
পঢ়	পঢ়া	গয়া	পঢ়া গয়া
ভেজ	ভেজা	জাএগা	ভেজা জাএগা

নীচের বাক্যগুলিতে কর্মবাচ্য গঠন ও ব্যবহার লক্ষ্য ক ন :-

1. কহা জাতা হৈ কি যহ কিলা পাংডবোং নে বনবায়া থা ।
2. ইস সংবংধ মেং আপকো পত্র লিখা জা রহা হৈ ।
3. যহ পত্র কল পঢ়া গয়া ।
4. ইস বর্ষ ভারত সে গেহূঁ বাহর নহীং ভেজা জাএগা ।

(ক)(i) কর্মবাচ্য গঠনে সকর্মক ক্রিয়া কর্মের লিঙ্গ ও বচন অনুসারে হয়। কর্তা অনুসারে হয় না। নীচের উদাহরণগুলি লক্ষ্য ক ন :-

1. যহ কিলা (পুং, একবচন) পাংডবোং দ্বারা বনবায়া গয়া থা ।
2. যে ফ্লৈট (পুং, বহুবচন) ডী. ডী. এ. দ্বারা বনাএ গএ হৈং ।
3. যহ কিতাব (স্ত্রী, একবচন) মহাদেবী বর্মা দ্বারা লিখী গঈ থী ।
4. যে চিট্ঠিয়াঁ (স্ত্রী, বহুবচন) সহায়ক দ্বারা টাইপ কী গঈ থীং ।

(ii) কখনো কখনো কিছু অকর্মক ক্রিয়া ব্যবহার করে নেতিবাচক অক্ষমতা প্রকাশ করা হয়ে থাকে। তখন কর্তার সঙ্গে দ্বারা-র বদলে সে ব্যবহার করা হয়। যেমন ঃ

1. মৈং বহুত থক গয়া হূঁ, মুঝসে চলা নহীং জাতা ।
2. খাঁসী কে কারণ গীতা সে বোলা নহীং জাতা ।

(খ) যদি বাক্যে দুটি কর্ম থাকে তাহলে সকর্মক ক্রিয়া মুখ্য কর্মপদের অনুযায়ী হয় (যাতে কো অনুসর্গ যুক্ত হয় না)। নীচে কিছু উদাহরণ দেওয়া হল:-

1. সহায়ক দ্বারা উপসচিব কো নোট (পুং) ভেজা জা রহা হৈ ।

2. सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों को कंबल (पुं, बहुवचन) बांटे गए ।

3. दफ्तर में अधिकारियों को हिंदी (स्त्री, एकवचन) पढ़ाई जाती है ।

(ग) कर्मवाच्य गठनে কর্তা से, के द्वारा अनुसृत হয়। যখন কোনো সর্বনাম কর্তা রূপে ব্যবহৃত হয় তখন द्वारा-র পরিবর্তে से, के द्वारा ব্যবহার করা হয়।

1. यह किताब मेरे द्वारा लिखी गई है । (मैं + के द्वारा)

2. ये मकान हमारे द्वारा बनाए गए हैं । (हम + के द्वारा)

কিন্তু কর্তা যদি বিশেষ্য হয় তাহলে সাধারণতঃ के -র প্রয়োগ হয় না। যেমন ঃ

1. ये चिट्ठियाँ मोहन द्वारा लिखी गई हैं ।

2. यह पत्र श्रीमती खन्ना द्वारा भेजा गया था ।

নীচে দেওয়া যুগ্ম বাক্যগুলি তুলনা করলে হিন্দীতে কর্তৃবাচ্য ও কর্মবাচ্যের পার্থক্য বোঝা যাবে। হিন্দীতে কর্তৃবাচ্য ও কর্মবাচ্যের বাক্যগঠনে ব্যতিত্র ম ও পরিবর্তন লক্ষ্য ক ন।

(1) कर्ता + द्वारा

1. वे इस मामले की जाँच करेंगे ।

   उनके द्वारा इस मामले की जाँच की जाएगी ।

2. मंत्री ने भाषण दिया ।

   मंत्री द्वारा भाषण दिया गया ।

(2) कर्ता + से

1. मोहन यह चिट्ठी नहीं पढ़ सकेगा ।

   मोहन से यह चिट्ठी (स्त्री) नहीं पढ़ी जा सकेगी ।

2. वह काम नहीं कर सकती ।

   उससे काम नहीं किया जाता ।

(3) कर्ता का लोप (কর্তার লোপ)

1. ऐसी किताब कोई नहीं बेचता ।

   ऐसी किताब नहीं बेची जाती ।

2. ईसाई लोग क्रिसमस दिसंबर में मनाते हैं ।

   क्रिसमस दिसंबर में मनाया जाता है ।

3. লোগ কহতে হৈং কি পহলে যহাঁ এক কিলা থা ।

কহা জাতা হৈ কি পহলে যহাঁ এক কিলা থা ।

এবার পাঠে উল্লিখিত বাক্যগুলির কর্মবাচ্য গঠন লক্ষ্য ক ন।

1) উন্হেং অনুমতি লেনে কে লিএ এক নির্ধারিত প্রপত্র বহুত পহলে দিয়া জা চুকা হৈ ।

অনুমতি নেওয়ার জন্য একটি নির্দ্ধারিত প্রপত্র ইতিমধ্যেই তাকে দেওয়া হয়েছে।

2) ব্যক্তিগত মামলোং সে সংবংধিত আবেদন সীধে উচ্চ অধিকারিয়োং কে পাস প্রস্তুত ন কিএ জাএঁ ।

ব্যক্তি গত বিষয় সম্পর্কিত আবেদন পত্র সরাসরি উর্দ্ধতন আধিকারিকের কাছে গিয়ে যেন পেশ না করা হয়।

3) অচ্ছা, বিচার কিয়া জাএগা ।

ঠিক আছে, ভেবে দেখা হবে।

4.2 সরকারী কাজে ব্যবহৃত ভাষার বৈশিষ্ট্য ঃ

পরোক্ষ অভিব্যক্তি র ব্যবহার জানতে কিছু গু ত্বপূর্ণ উপায় ঃ

(ক) কর্মবাচ্য গঠনের প্রয়োগ (ভেজা জা চুকা হৈ, পত্র লিখা গয়া হৈ।) সম্পর্কে বিস্তারিত ভাবে ব্যাখ্যা করা হয়েছে।

(খ) কর্মবাচ্য গঠনে ক্রি য়ার প্রয়োগ

(হোনা, মিলনা, খুলনা, বিকনা, বননা) ইত্যাদি কিছু ক্রি য়ারূপ হিন্দীতে স্বাভাবিক ভাবেই গঠনের দিক দিয়ে কর্মবাচ্য বোধক। বাংলা অনুবাদে এগুলিকে কর্মবাচ্যেই রাখতে হবে। যেমন ঃ

(i)	আপকী পদোন্নতি নহীং হো সকতী ।	আপনার পদোন্নতি সম্ভব নয়
(ii)	ইস কার্য কে লিএ আপকো সময়োপরি ভত্তা (O·T·A) মিলেগা ।	দেওয়া হয়
(iii)	ইস বাজার মেং দুকানেং কিতনে বজে খুলতী হৈং ?	খোলা হয়
(iv)	সভী কপড়ে বিক গএ ।	বিক্রি হয়ে গেছে
(v)	বেতন-বিল বন রহে হৈং ।	তৈরি হচ্ছে

(ग) अनुज्ञा रूपेर बदले सम्भावक रूपेर (पत्र भेजें, चर्चा करें) व्यवहार ः

(i) आज ही कार्यालय आदेश जारी करें ।

(ii) उत्तर जल्दी भेजें ।

(iii) इस संबंध में आवश्यक निर्देश दें ।

(iv) इस मामले पर शीघ्र निर्णय लें ।

5.0 पाठेर सारांश

पाठेर एकटि सारांश एखाने देওয়া হল। সারাংশটি প্রতিবেদন রূপে লিখিত।

कार्यालय में बातचीत

उपनिदेशक के कार्यालय में आते ही श्री बनर्जी फाइलों के साथ उनके कमरे में आए । एक आवेदन पत्र श्रीमती खन्ना का था । उन्होंने मकान बनवाने के लिए ऋण की प्रार्थना की है । उपनिदेशक पिछले कागजात देखना चाहते हैं । इसी बीच श्रीमती खन्ना उनके कमरे में आती हैं । उपनिदेशक ने सोचा कि वह अपने कर्ज के आवेदन पत्र के बारे में चर्चा करने आई हैं । किंतु श्रीमती खन्ना दूसरी प्रार्थना लेकर आई थीं । वे किसी तकनीकी अनुभाग में स्थानांतरण चाहती थीं, क्योंकि उन्होंने हिंदी विषय में एम. ए. पास किया है ।

उपनिदेशक ने उन्हें समझाया कि आप सहायक अनुभाग अधिकारी हैं । इसलिए तकनीकी अनुभाग में भी आपको फाइल प्रस्तुत करने का काम करना होगा । तकनीकी अनुभाग में अनुवादक के रूप में आपकी पदोन्नति नहीं हो सकती । सीधी भर्ती की कोई व्यवस्था नहीं है और इस समय अनुवादक की कोई जगह खाली भी नहीं है ।

6.0 राजभाषा हिंदी (সরকারী কাজে ব্যবহৃত ভাষার ওপরে নোট)

स्वतंत्र होने के बाद भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी भाषा को स्वीकृत किया । संविधान के भाग 17, 120 और 210 में सरकार की भाषा नीति के प्रावधान हैं। संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी संघ की राजभाषा होगी । इसके साथ ही सरकारी कामकाज में भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप का प्रयोग किया जाएगा । राजभाषा संबंधी प्रावधानों के अनुपालन हेतु राजभाषा अधिनियम, 1963, राष्ट्रपति के आदेश, राजभाषा संकल्प, संघ के शासकीय प्रयोजनों के प्रयोग के लिए बने राजभाषा नियम, 1976 और अन्य

आदेश आदि भी समय-समय पर जारी हुए हैं । इनके अनुसार विविध मदों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग पर बल दिया गया है । इसके लिए हिंदी शिक्षण, कंप्यूटर प्रशिक्षण, शब्दावली निर्माण और अनुवाद प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था भी की गई है । जनता और सरकार के बीच राजकाज की भाषा के रूप में हिंदी का निरंतर विकास हो रहा है ।

— * —

पाठ / পাঠ-15

1.0 निबंध लेखन (প্রবন্ধ লিখন)

2.0 पाठ - हमारे मसाले (আমাদের মশলা)

3.0 पेड़ों का महत्व (গাছের গু ত্ব)

4.0 योग (যোগ)

5.0 भारतीय सिनेमा का वर्तमान (ভারতীয় সিনেমার বর্তমান)

6.0 अभ्यास

1.0 निबंध लेखन (প্রবন্ধ লিখন) কিছু সূত্র

1.1 আপনাদের অনুশীলনের জন্য এখানে প্রবন্ধ দেওয়া হয়েছে। ভাল এবং সহজ হিন্দীতে নিজেদের ভাবনা চিন্তা অভিব্যক্তি করতে প্রবন্ধ লেখা অন্যতম সহজতম পদ্ধতি।

আপনাদের স্বরচিত প্রবন্ধ আমাদের জানতে সাহায্য করবে যে বিভিন্ন পাঠের মাধ্যমে আপনারা হিন্দী বাক্য গঠন কতটা শিখতে পেরেছেন।

1.2 এই পাঠে নমুনা স্বরূপ সহজ হিন্দীতে, 300 শব্দে লেখা চারটি প্রবন্ধ দেওয়া হয়েছে। প্রবন্ধগুলিতে পূর্ব পাঠত্র ম অনুসারে শব্দাবলী ব্যবহৃত হয়েছে। প্রয়োজন মত প্রসঙ্গ অনুযায়ী কিছু নতুন শব্দ অর্থসহ প্রয়োগ করা হয়েছে।

1.3 (ক) প্রবন্ধগুলি সরবে পাঠ ক ন এবং অর্থ বোঝার চেষ্টা ক ন।

(খ) দ্বিতীয়বার পড়ুন। প্রয়োজনমত শব্দাবলী থেকে শব্দের অর্থ জেনে নিন।

(গ) যে বাক্যগুলি আপনার গু ত্বপূর্ণ মনে হবে তার নীচে দাগ দিন।

(ঘ) একটি আলাদা কাগজে সূত্রগুলি লিখুন। এছাড়াও যদি কোন সূত্র গু ত্বপূর্ণ মনে হয় তাহলে সেগুলি যুক্ত করতে পারেন।

(ঙ) প্রবন্ধে আপনার মত অন্তর্ভূক্ত করে নির্বাচিত সূত্রগুলি পল্লবিত ক ন। এর ফলে দেখবেন যে প্রদত্ত বিষয়ে মৌলিক প্রবন্ধ প্রায় রচিত হয়ে গেছে।

2.0 पाठ - हमारे मसाले (আমাদের মশলা)

प्राचीन काल से ही मसालों का प्रयोग होता रहा है । खाने को स्वादिष्ट बनाने के अतिरिक्त मसाले स्वास्थ्यवर्धक भी होते हैं । ये आयुर्वेदिक तथा देशी चिकित्सा पद्धति में विभिन्न रूपों में प्रयुक्त होते हैं । एक ज़माने में भारत में मसाले खरीदने के लिए आने वाले विदेशी व्यापारी मसालों को सोने, कीमती पत्थर, हीरे-जवाहरात से भी अधिक महत्व देते थे ।

विभिन्न पेड़-पौधों के अलग-अलग भागों जैसे; जड़, छाल, फूल, पत्ते आदि का मसालों के रूप में प्रयोग होता है । सभी मसालों की अलग-अलग सुगंध और गुण होते हैं । कुछ प्रमुख मसाले इस प्रकार हैं :-

हल्दी

यह हल्दी नामक पौधे की जड़ होती है । पिसी हुई हल्दी का प्रयोग व्यापक रूप से प्राय: प्रत्येक रसोई में होता है । इससे व्यंजन में पीलापन आता है । कच्ची हल्दी को दवा के रूप में भी प्रयोग में लाया जाता है । भारतीय मान्यता के अनुसार अनेक शुभ कार्यों में भी हल्दी का प्रयोग होता है ।

अदरक

हल्दी की भाँति अदरक भी एक पौधे की जड़ है जिसका प्रयोग विविध व्यंजनों में अनेक प्रकार से होता है । यह स्वाद में तीखी और स्वभाव में गर्म मानी जाती है । पारंपरिक व्यंजनों के अतिरिक्त यह केक, बिस्कुट, कुकीज़ आदि में भी प्रयुक्त होती है । यह भी एक औषधीय मसाला है । सूखी अदरक को सोंठ कहते हैं ।

दालचीनी / तेजपात

दालचीनी के पेड़ मध्यम आकार के होते हैं । ये आर्द्र-उष्ण क्षेत्रों में उगाए जाते हैं । पेड़ के तनों की छाल दालचीनी कही जाती है । इसका सूखी छाल और पाउडर के रूप में उपयोग होता है । इसके सूखे पत्ते तेजपात या तेजपत्ता कहलाते हैं ।

काली मिर्च

'ब्लैक गोल्ड' के नाम से प्रख्यात काली मिर्च को मसालों का सम्राट कहा जाता है । यह स्वाद में तीखी और स्वभाव में गर्म होती है । विश्वभर में इसका प्रयोग होता है । कहा जाता है कि यह अरब व्यापारियों के माध्यम से यूरोप पहुँची और इसके गुणों से प्रभावित होकर यूरोपीय व्यापारी इसका संपूर्ण व्यापार अपने नियंत्रण में लेने को आतुर हो गए । काली मिर्च के व्यवसाय से अर्जित धन का उपनिवेशवादी लड़ाइयों में उपयोग किए जाने के प्रमाण मिलते हैं ।

लौंग

लौंग मूलत: भारतीय पौधा माना जाता है । यह केरल में सर्वाधिक उगाया जाता है । इसका सूखा हुआ फूल मसाले के रूप में प्रयुक्त होता है । इससे व्यंजन में सुगंध और स्वाद की वृद्धि होती है । स्वभाव में इसे गर्म मसालों में गिना जाता है ।

उपर्युक्त मसालों के अतिरिक्त जीरा, धनिया, मिर्च, सौंफ, इलायची, जायफल, खसखस, जावित्री, हींग, केसर आदि अनेक मसालों का व्यापक प्रयोग विविध रूपों में होता है ।

2.1 भारतीय मसाले

हल्दी	হলুদ	अदरक	আদা
लौंग	লবঙ্গ	इलायची (छोटी)	এলাচ (ছোট)
काली मिर्च	গোলমরিচ	जीरा	জিরা
सौंफ	মৌরী	दालचीनी	দা চিনি
इलायची (बड़ी)	এলাচ (বড়)	जायफल	জায়ফল
जावित्री	জয়ত্রী	धनिया	ধনে
केसर	জাফরান	तेजपात (तेजपत्ता)	তেজপাতা
हींग	হিং	लाल मिर्च	লাল লঙ্কা
हरी मिर्च	কাঁচা লঙ্কা	खस-खस	পোস্ত

2.2 शब्दावली

प्राचीन काल	প্রাচীন কাল	गरम	গরম
स्वास्थ्यवर्धक	স্বাস্থ্যবর্দ্ধক	औषधीय	ঔষধিয়
देशी चिकित्सा पद्धति	দেশী চিকিৎসা পদ্ধতি	आर्द्र-उष्ण	আর্দ্র-উষ্ণ
जवाहरात	জহরত	नियंत्रण	নিয়ন্ত্রণ
छाल	গাছের ছাল	उपनिवेशवादी	উপনিবেশবাদী
कच्ची हल्दी	কাঁচা হলুদ	स्वादिष्ट	সুস্বাদু
शुभ कार्य	শুভ কার্য্য	आयुर्वेदिक	আয়ুর্বেদিক

हीरा	হিরে	पारंपरिक	পারম্পরিক / ঐতিহ্যময়
जड़	মূল	मध्यम आकार	মধ্যম আকার / মাঝারি
व्यंजन	ব্যঞ্জন	व्यापारी	ব্যবসায়ী
मान्यता	মান্যতা	अर्जित	অর্জিত
तीखी	ঝাল		

3.0 पेड़ों का महत्व

पेड़ लगाना हर आदमी की एक सामाजिक जिम्मेदारी है । यह बात पहले जितनी सच थी, आज भी उतनी ही सच है ।

ईंधन और इमारती लकड़ी के लिए लोग पहले भी पेड़-पौधों को काटा करते थे । लेकिन साथ ही साथ वे नए-नए पेड़ भी लगाते रहते थे । इस कारण पेड़-पौधों की कमी नहीं हो पाती थी । आजकल लोग पेड़ों को धड़ाधड़ काटते जा रहे हैं, लेकिन वे नए पेड़ नहीं लगा रहे । इस कारण हमारे देश के बहुत-से घने जंगल उजड़ते जा रहे हैं । लोग पेड़ों को काट-काटकर शहरों की सड़कों को चौड़ा कर रहे हैं । सड़कों के किनारे छायादार पेड़ कम होते जा रहे हैं । बाग-बगीचे कट रहे हैं और उनकी जगह ऊँची-ऊँची इमारतें बन रही हैं । जगह-जगह नए-नए कारखाने खुल रहे हैं । इससे हमें कई तरह की सुविधाएँ तो मिल रही हैं, लेकिन हमारे देश के मौसम पर इसका बुरा असर पड़ रहा है ।

हरे-भरे और ऊँचे-ऊँचे पेड़ बादलों को अपनी तरफ खींचते हैं । इससे ठीक समय पर वर्षा होती है । फसल अच्छी होती है । सूखा नहीं पड़ता । नदी-नालों में पानी भरा रहता है । पशुओं को हरा चारा आसानी से मिलता रहता है । पेड़-पौधों की जड़ों के कारण धरती की मिट्टी जमी रहती है । वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकते हैं । बारिश के पानी का बहाव जमीन की उपजाऊ मिट्टी को अपने साथ बहाकर नहीं ले जा पाता ।

पेड़-पौधे हवा को शुद्ध करते हैं । आजकल मोटर-गाड़ियों की संख्या बढ़ गई है । इन गाड़ियों से निकलने वाला धुआँ और कल-कारखानों की चिमनियों से निकलने वाला धुआँ हवा को अशुद्ध कर रहा है । यह धुआँ आसपास के वायुमंडल को दूषित कर रहा है । आज पेड़-पौधों की कमी के कारण हमें साफ हवा नहीं मिल पा रही है । हजारों लोग गंदी वायु में साँस ले रहे हैं। बहुत से लोगों को भयंकर बीमारियाँ हो रही हैं । दूषित हवा को साफ करने के लिए हरे-भरे पेड़ों की बहुत आवश्यकता है।

आज हमने पेड़ों की जरूरत को फिर से समझा है । ठीक समय पर वर्षा होने, खेतों की उपजाऊ मिट्टी के बहाव को रोकने और वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए लोग जगह-जगह पेड़ लगा रहे हैं । वृक्षारोपण के इस काम में बड़ों के साथ-साथ स्कूलों के बच्चे भी उत्साह से भाग ले रहे हैं । धरती को फिर से हरा-भरा बनाने के काम में आज सभी जुटे हुए हैं ।

3.1 शब्दावली

सामाजिक	সামাজিক	सूखा	খরা
पौधा	ছোট গাছ	चारा	চারা
जिम्मेदारी	দায়িত্ব	कटाव	কাটা
धड़ाधड़	ধড়াধড়	बहाव	বওয়া
उजड़ना	নষ্ট হওয়া	उपजाऊ	উর্বর
छायादार	ছায়াদার	चिमनी	চিমনী
इमारत	ভবন	वायुमंडल	বায়ুমণ্ডল
कारखाना	কারখানা	दूषित करना	দূষিত করা
मौसम	আবহাওয়া	वृक्षारोपण	বৃক্ষারোপণ
फसल	ফসল		

4.0 योग

योग के दो अर्थ हैं - एक अर्थ है 'जोड़' और दूसरा अर्थ है 'अनुशासन' । योग अभ्यास द्वारा अनुशासन को सिखाता है । यह एक आध्यात्मिक अभ्यास है, जो शरीर और मस्तिष्क के संतुलन के साथ ही प्रकृति के करीब आने के लिए ध्यान के माध्यम से किया जाता है ।

महर्षि पतंजलि योग दर्शन के प्रवर्तक हैं । उन्होंने योग के आठ अंगों का उल्लेख किया है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि । प्राचीन समय में हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म के लोगों द्वारा योग किया जाता था । योग के आठ अंगों में से आसन व्यायाम का ही एक अद्भुत प्रकार है और स्वस्थ जीवन जीने का विज्ञान है । योग वह क्रिया है जो शरीर के अंगों की गतिविधियों और सांसों को नियंत्रित करती है ।

दरअसल, बिना किसी समस्या के जीवन भर तंदुरुस्त रहने का सबसे अच्छा, सुरक्षित आसान तरीका योग है । इसके लिए यम-नियम के अतिरिक्त शरीर के क्रियाकलापों और श्वास लेने के सही तरीकों का नियमित अभ्यास करने की आवश्यकता है । यह शरीर, मस्तिष्क और आत्मा के बीच संपर्क को नियमित करता है । बुरी परिस्थितियों, अस्वास्थ्यकर जीवन शैली, तनाव आदि के कारण शरीर और मस्तिष्क का परेशानियों से बचाव करता है ।

सुबह योग का नियमित अभ्यास करना लाभदायक है । योग के विभिन्न आसन शारीरिक और मानसिक मजबूती के साथ ही अच्छाई की भावना का निर्माण करते हैं । इस कारण सामाजिक भलाई को बढ़ावा मिलता है । योग के नियमित अभ्यास से स्व-अनुशासन और आत्म जागरूकता का विकास होता है । आधुनिक जीवन में योग के लाभों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है । भारत के बाहर योग को योगा (योगा) के नाम से जाना जाता है ।

4.1 शब्दावली

योग	যোগ	अनुशासन	অনুশাসন
अभ्यास	অভ্যাস	आध्यात्मिक	আধ্যাত্মিক
मस्तिष्क	মস্তিষ্ক	प्रकृति	প্রকৃতি
ध्यान	ধ্যান	माध्यम	মাধ্যম
महर्षि	মহর্ষি	दर्शन	দর্শন
प्रवर्तक	প্রবর্তক	अद्‌भुत	অদ্ভুত
गतिविधियाँ	গতিবিধি	तंदुरुस्त	স্বাস্থ্যবান
सुरक्षित	সুরক্ষিত	तरीका	পদ্ধতি
आत्मा	আত্মা	जीवन शैली	জীবন পদ্ধতি
तनाव	তনাও / চিন্তা	आत्म जागरूकता	আত্মজাগরন
विकास	বিকাশ	घोषणा	ঘোষণা

5.0 भारतीय सिनेमा का वर्तमान

विश्वस्तर पर आज मनोरंजन उद्‌योग का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है । साथ ही इसके प्रति लोगों की रुचि भी बढ़ी है । मनोरंजन के नए–नए आयाम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। मनोरंजन

के क्षेत्र में भारतीय सिनेमा की महत्वपूर्ण भूमिका है । फिल्मों में नई तकनीकों का विकास होने लगा है ।

आजादी के बाद देश के नव निर्माण में भारतीय फिल्मों ने खुलकर हाथ बँटाया । मौजूदा समय में फिल्में जरूर व्यावसायिक जरूरतों के हिसाब से बन रही हैं । लेकिन इनकी सामाजिक प्रतिबद्धता लुप्त नहीं हुई । वास्तव में, मनुष्य ने अपने जीवन और प्रकृति के यथार्थ को अभिव्यक्त करने के लिए जितनी कलाओं का आविष्कार किया, उनमें सिनेमा ने सबसे अधिक प्रभावशाली माध्यम के रूप में खुद को स्थापित किया है ।

भारतीय चलचित्र ने 20वीं शती के आरंभिक काल से ही विश्व के चलचित्र जगत पर गहरा प्रभाव छोड़ा है । भारतीय सिनेमा के अंतर्गत भारत के विभिन्न भागों एवं विभिन्न भाषाओं में बनने वाली फिल्में आती हैं । भारतीय फिल्मों का अनुकरण पूरे दक्षिण एशिया तथा मध्य पूर्व में हुआ । भारत में सिनेमा की लोकप्रियता का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहाँ सभी भाषाओं में मिलकर प्रतिवर्ष 1000 तक फिल्में बनी हैं । यह संख्या हॉलीवुड में बनने वाली फिल्मों से लगभग 40 प्रतिशत ज्यादा है । फिल्म उद्योग में प्रतिवर्ष 20,000 करोड़ का व्यवसाय होता है । लगभग 20 लाख लोगों का रोजगार इस उद्योग पर निर्भर है । हिंदी फिल्में कुल बनने वाली फिल्मों के एक तिहाई से अधिक नहीं होतीं । लेकिन व्यवसाय में उनकी भागीदारी लगभग दो तिहाई है । वैसे तो भारतीय (विशेषत: हिंदी) फिल्में पाँचवें दशक से ही भारतीय उपमहाद्वीप के बाहर भी देखी जाती थीं । खास तौर पर अफ्रीका के उन देशों में जहाँ भारतीय बड़ी संख्या में काम के सिलसिले में जाकर बस गए थे । लेकिन पिछले दो दशकों में भारतीय फिल्मों ने अमरीका, यूरोप और एशिया के दूसरे क्षेत्रों में भी अपने बाजार का विस्तार किया है । यह भी गौरतलब है कि भारत में अब भी हॉलीवुड फिल्मों की हिस्सेदारी चार प्रतिशत ही है जबकि यूरोप, जापान और दक्षिण अमरीकी देशों में यह हिस्सा कम से कम 40 प्रतिशत है ।

भारत की फिल्मों ने कहानी कहने की जो शैली विकसित की और जिसे प्राय: बाजारू, अरचनात्मक और अकलात्मक कहकर तिरस्कृत किया जाता रहा, उसी ने भारतीय फिल्मों को हॉलीवुड के वर्चस्व में जाने से बचाए रखा । 20वीं शती में हॉलीवुड तथा चीनी फिल्म उद्योग के साथ भारतीय सिनेमा भी वैश्विक उद्योग बन गया ।

5.1 শব্দাবলী

विश्वस्तर	বিশ্বস্তর	अभूतपूर्व	অভূতপূর্ব
मनोरंजन	মনোরঞ্জন	विस्तार	বিস্তার
उद्योग	উদ্যোগ	आयाम	মাত্রা / মাত্রিক

नव निर्माण	নবনির্মাণ	दो तिहाई	দুই তৃতীয়াংশ
प्रतिबद्धता	প্রতিবদ্ধতা	दशक	দশক
यथार्थ	যথার্থ	उपमहाद्वीप	উপ মহাদ্বীপ
अभिव्यक्त	অভিব্যক্ত	गौरतलब	ধ্যাতব্য
कला	কলা	अरचनात्मक	অসৃজনশীল
आविष्कार	আবিষ্কার	अकलात्मक	অশিল্পসুলভ
अनुकरण	অনুকরণ	तिरस्कृत	তিরস্কৃত
एक तिहाई	এক তৃতীয়াংশ	वर्चस्व	কর্তৃত্ব
भागीदारी	ভাগিদারী	वैश्विक	বৈশ্বিক

6.0 अभ्यास

निम्नलिखित विषयों पर 200 शब्दों में निबंध तैयार कीजिए ।

(1) परिश्रम सफलता की कुंजी है ।

(2) सादा जीवन उच्च विचार

(3) समय ही सबसे बड़ा धन है

(4) फेस बुक, व्हाट्स ऐप

— * —

पाठ / পাঠ -16

1.0 पाठ - अनुवाद (অনুবাদ)

2.0 अनुवाद के नमूने (অনুবাদকের নমুনা)

3.0 अनुवाद अभ्यास

1.0 पाठ अनुवाद (অনুবাদ)

1.1 आपनारा जानेन ये प्रत्येक भाषार निजस्व वैशिष्ट्य हय। ताई एकटि भाषा थेके अन्य आर एकटि भाषाय येमन इंराजी थेके हिन्दीते वा विपरीत भावे कोन पाठेर शाब्दिक अनुवाद यथायथ मनोग्राही हय ना। कोनो विषय एमन भावे अनुवाद करते हवे याते पाठेर मौलिकत्व बजाय थाके।

1.2 अनुवादेर आगे निम्नलिखित विषयगुलि भालो करे जेने निन।

(i) मूल पाठटि भालो करे पड़ुन एवं अर्थ बोझार चेष्टा क न।

(ii) पाठर प्रत्येकटि वाक्य मनोयोग दिये पड़ुन।

(iii) ये शब्दगुलि कठिन मने हवे तार नीचे दाग दिन, अभिधान देखे सेगुलिर सठिक अर्थ जेने निन।

(iv) प्रत्येकटि वाक्येर खसड़ा अनुवाद क न।

(v) वाग्धारा ओ प्रवाद वाक्येर अनुवादेर समय यथेष्ठ सतर्क हओया उचित।

(vi) खसड़ा अनुवाद शेष हले वाक्यगुलि प्रयोजन मतो संशोधन परिमार्जन करे निन।

(vii) अनुदित पाठटि लिखुन।

2.0 अनुवाद के नमूने (अनुवादेर नमुना)

यहाँ नमूने के तौर पर कतिपय उदाहरण दिए हैं । कृपया पढ़िए ।

2.1 अनुवाद-1 लघु कथा (छोटगल्प)

मोहन ओ सोहन दुई बन्धु। मोहन खुब भालो छिल ओ सोहन छिल स्वार्थपर। एकदिन तारा जङ्गल दिये	मोहन और सोहन दोस्त थे । मोहन अच्छा मित्र था पर सोहन स्वार्थी था । एक बार वे जंगल से

যাচ্ছিল। তারা একটি ভাল্লুককে আসতে দেখল এবং দুজনেই ভয় পেল। মোহনের কথা না ভেবে সোহন তক্ষুণি গাছে উঠে পড়ল।	जा रहे थे । उन्होंने एक भालू को आते देखा । वे डर गए । सोहन तुरंत एक पेड़ पर चढ़ गया । उसने मोहन पर ध्यान नहीं दिया ।
মোহল মাটিতে শুয়ে পড়ল। তারপর সে তার নি ঃাস বন্ধ করে পড়ে রইল। ভাল্লুকটি এলো এবং তাকে শুঁকলো। মোহন মরে গেছে ভেবে ভাল্লুকটি চলে গেল। সোহন নীচে নামল। মোহনের কাছে গিয়ে জিজ্ঞাসা করলো। ভাল্লুক তোমার কানে কানে কি বললো? মোহন উত্তর দিলো ভাল্লুক বললো স্বার্থপর বন্ধুর থেকে দূরে থাকো।	मोहन ज़मीन पर लेट गया। उसने अपनी सांस रोक ली । भालू आया और उसे सूँघा । उसने सोचा कि मोहन मर गया है । वह चला गया । सोहन नीचे उतरा । वह मोहन के पास गया और पूछा, ''भालू ने तुम्हारे कान में क्या कहा ?'' मोहन ने जवाब दिया, ''भालू ने कहा कि स्वार्थी मित्रें से सतर्क रहें ।''

2.2 অনুবাদ-2 লঘুকথা (ছোটগল্প)

একজন চাষীর একটি আশ্চর্য মুর্গী ছিল। মুর্গীটি রোজ সোনার ডিম পারতো। চাষী খুব তাড়াতাড়ি বড় লোক হয়ে গেল। চাষী খুব লোভী ছিল সে ভাবলো যে মুর্গীর পেটে এরকম আরো ডিম আছে। সে সমস্ত ডিম একসঙ্গে পেতে চাইল, তাই একটি উপায় বের করলো। মুর্গীটিকে মেরে ফেলল। কিন্তু তার পেটে কোন ডিম পাওয়া গেল না। চাষীর খুব দুঃখ হল। কিন্তু অনেক দেরী হয়ে গেছে। মুর্গীটি তার হাতছাড়া হয়ে গেল।	एक किसान रहता था । उसके पास एक अनोखी मुर्गी थी । वह मुर्गी रोज़ सोने का अंडा देती थी । किसान जल्दी ही धनी बन गया । किसान लालची था । उसने सोचा मुर्गी के अंदर ऐसे कई अंडे हैं। वह चाहता था कि सभी अंडे एक साथ मिलें । उसको एक उपाय सूझा । उसने मुर्गी को मार दिया। पर उसको अंदर से कोई अंडा नहीं मिला । किसान उदास हुआ। पर बहुत देर हो चुकी थी। उसने अपने मुर्गी खो दी थी ।

2.3 অনুবাদ-3 बातचीत (কথোপকথন)

ইন্দিরা इंदिरा	:	কি মজা পরীক্ষা শেষ হয়ে গেছে। চলো এবার আমরা পুর্বোত্তর রাজ্যে বেড়াতে যাই।	बहुत मजे की बात है, परीक्षा समाप्त हो गई। चलो इस बार हम पूर्वोत्तर चलते हैं ।

টেরেসা তেরেসা	:	নিশ্চই, খুব ভালো কথা। তুমি কোথায় যেতে চাও।	जरूर, यह अच्छा है। तुम कहाँ जाना चाहोगी ?
ইন্দিরা इंदिरा	:	আমি চেরাপুঞ্জী যেতে চাই।	मैं चेरापूंजी जाना चाहूँगी ।
টেরেসা तेरेसा	:	এখন ওখানে যাওয়ার সময় নয়, এইসময় ওখানে হয়তো খুব বৃষ্টি হচ্ছে, বরঞ্চ চলো শিলং যাই।	वह इस समय जाने लायक जगह नहीं है । वहाँ इस मौसम में ज्यादा बारिश हो रही होगी, चलो शिलाँग चलते हैं ।
ইন্দিরা इंदिरा	:	শিলং কেন?	शिलाँग क्यों ?
টেরেসা तेरेसा	:	ইন্দিরা, আমি ওখানে থেকেছি, তোমারও ভালো লাগবে। আর এখন ওখানের আবহাওয়াও খুব সুন্দর।	इंदिरा, मैं वहाँ रह चुकी हूँ । तुमको भी अच्छा लगेगा और इस समय वहाँ का मौसम बहुत अच्छा होगा ।
ইন্দিরা इंदिरा	:	ঠিক আছে। তাহলে শিলং-এই চলো। বলতো, গরম জামা কাপড় নিতে হবে কি?	ठीक है, फिर शिलाँग ही चलते हैं । लेकिन यह बताओ, गरम कपड़े भी साथ ले चलें ?
টেরেসা তেরেসা	:	দরকার নেই। আবহাওয়া খুব সুন্দর। রাতে একটু ঠান্ডা হতে পারে একটা সোয়েটার নিলেই হবে।	जरूरी नहीं है । मौसम सुहावना है । रातें ठंडी हो सकती हैं । इसलिए एक स्वेटर साथ रख सकते हैं ।
ইন্দিরা इंदिरा	:	কিভাবে যাব?	वहाँ जाएँगे कैसे ?
টেরেসা তেরেসা	:	দিল্লী থেকে গুয়াহাটির প্লেনে যাওয়া যেতে পারে, সেখান থেকে বাস অথবা গাড়ীতে শিলং।	दिल्ली से गुवाहाटी के लिए हवाई जहाज़ से जा सकते है । वहाँ से बस या कार से शिलाँग ।
ইন্দিরা इंदिरा	:	গুয়াহাটী থেকে শিলং কত দূর?	गुवाहाटी से शिलाँग की दूरी कितनी है ?
টেরেসা তেরেসা	:	প্রায় একশো কিলোমিটার। গাড়ীতে চার ঘণ্টা লাগবে।	लगभग 100 किलोमीटर दूर है । कार से चार घंटे लग सकते हैं ।

2.4 অনুবাদ -4 বাতচীত (কথোপকথন)

কিশন বললো, 'নৌকোয় আমরা সুরক্ষিত।'	किशन ने कहा "हम नाव में बिल्कुल सुरक्षित हैं।"
পশুরা কেবল শুকনো ডাঙ্গায় পৌঁছতে চায়। তারা একে অন্যের শিকার করবে না। হরিণ আজ রাতে চিতা ও বাঘের হাত থেকে সুরক্ষিত। শুয়ে ঘুমিয়ে পড়। আমি আজ নজরদারী করবো।	"जानवर केवल सूखी जमीन पर पहुँचना चाहते हैं। वे एक–दूसरे का शिकार तक नहीं करेंगे । हिरन आज रात तेंदुए और बाघ से सुरक्षित है । लेटो, और सो जाओ । मैं निगरानी करूँगा ।"
সীতা আড়মরা ভেঙ্গে চোখ বন্ধ করলো। নৌকোর দুই ধারে জলের কুলকুল শব্দে সে ঘুমিয়ে পড়ল। এমন সময় কোনো পাখীর ডাকে তার ঘুম ভেঙে গেল। কনুই-এ ভড় দিয়ে উঠে সে দেখল কিশন জেগে আছে।	सीता ने अंगड़ाई ली और आँखें बंद कर लीं । नाव के किनारे पर पानी की थपकियों ने उसे सुला दिया इतने में किसी पक्षी की चहचहाहट ने उसे जगा दिया । वह कोहनी के बल थोड़ा उठी, देखा कि किशन जगा हुआ था ।

2.5 অনুবাদ -5 বাতচীত (কথোপকথন)

হাউজ দ্যাট! উইকেট কিপার বল ধরে চেঁচিয়ে উঠলো।	"हाउ ईज़ दैट !" विकेट कीपर गेंद को अपने हाथों में उठाते हुए चिल्लाया ।
হাউজ দ্যাট - স্লিপ ফিল্ডাররাও চেঁচিয়ে উঠল।	"हाउ इज़ दैट !" स्लिप फील्डर्स ने दुहराया ।
কি হলো? ফাস্ট বোলার গর্জে আম্পায়ারের দিকে তাকালো।	"क्या हुआ ?" अंपायर को घूरते हुए तेज गेंदबाज़ गरजा ।
আউট্! আম্পায়ার বললো।	"आउट !" अंपायर ने कहा।
স্কুল টিমের ক্যাপ্টেন সুরজ আস্তে আস্তে প্যাভেলিয়নের দিকে চলে গেল, যা বাস্তবে মাঠের শেষে থাকা একটি টিন-শেড্।	और स्कूल टीम का कप्तान सूरज धीरे-धीरे उस पैवेलियन (मंडप) की ओर चल रहा था-जो वास्तव में मैदान के अंत में एक उपकरण-शेड था ।
স্কোর 4 উইকেটে 53 রান ছিল। জেতার জন্য আরও ষাট রান দরকার ছিল এবং ভালো	स्कोर 4 विकेट पर 53 रन था । जीत के लिए साठ रन और बनाने थे, और केवल एक अच्छा

ব্যাটসম্যান একজনই ছিল। বাকীরা সবাই বোলার ছিল যাদের থেকে বেশী রান পাওয়ার আশা ছিল না।	बल्लेबाज बचा रहा । बाकी सभी गेंदबाजा थे जिनसे ज्यादा रन बनाने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी ।

3.0 অনুবাদ অভ্যাস – 1

কৃপয়া নিম্নলিখিত কা হিংদী মেং অনুবাদ কীজিএ ।

তাপমাত্রা 10 ডিগ্রী পড়ে গেল, 48 ঘণ্টায় 9° ডিগ্রী বেড়ে যায়।

নিউ দিল্লী ঃ গত 48 ঘণ্টায় দিল্লীর তাপমাত্রার অস্বাভাবিক পরিবর্তন লক্ষ্য করা যায়। সোমবারের তাপমাত্রা 10 ডিগ্রী পড়ে যায়। আবার মঙ্গলবারে তাপমাত্রার পারদ 9° ডিগ্রী বেড়ে যায়।

গত দুদিনে আবহাওয়ার এমন অস্বাভাবিক ওঠানামা সম্পর্কে আঞ্চলিক আবহাওয়া বিভাগের আবহাওয়াবিদরা জানিয়েছে গত ছ বছরে গ্রীষ্মকালে বিশেষতঃ মে জুন মাসে এরকম ঘটনা ঘটেনি।

একজন জনৈক আধিকারিক জানিয়েছেন, 'গত 48 ঘণ্টায় শহরে তাপমাত্রা প্রায় 19 ডিগ্রীর পরিবর্তন হয়েছে। প্রথম ঘণ্টায় তাপমাত্রা 10 ডিগ্রীরও বেশি পড়ে যায় - 39.6 ডিগ্রী থেকে 29.4 ডিগ্রী। তারপর 9 ডিগ্রী বেড়ে গিয়ে 29.4 ডিগ্রী থেকে 38.3 ডিগ্রী হয়ে যায়।'

বিশেষজ্ঞদের মতে পশ্চিমী ঝঞ্ঝা এবং ঘুর্ণিঝড়ের কারণে রবিবারে বজ্র বিদ্যুৎ সহ বৃষ্টিপাত হওয়ার ফলে তাপমাত্রআর আপেক্ষিক পরিবর্তন ঘটে। ফলস্বরূপ সমস্ত ব্যবস্থা অস্বাভাবিক হয়ে যায়।

শব্দার্থ

খুবই কম	बहुत कम	ওঠা-নামা	उतार–चढ़ाव
তাপমান	तापमान	ঝড়-বৃষ্টি	आँधी–तूफान
বিবিধতা	वैविध्य / विविधता	পশ্চিমী ঝঞ্ঝা	पश्चिमी विक्षोभ
আবহাওয়াবিদ	मौसम विशेषज्ञ	পারদ	पारा
অসাধারণ / সামান্য	असाधारण / असामान्य		

3.2 अनुवाद अभ्यास – 2

निम्नलिखित खंड का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए

स्वच्छ भारत अभियान क्या है

स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय स्वच्छता मुहिम है । ये एक बड़ा आंदोलन है जिसके तहत भारत को 2019 तक पूर्णत: स्वच्छ बनाना है । इसमें स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को आगे बढ़ाया गया है । इस मिशन को 2 अक्टूबर 2014 (145 वें जन्म दिवस) को बापू के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर आरंभ किया गया है और 2 अक्टूबर 2019 (बापू के 150 वें जन्म दिवस) तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है । भारत के शहरी विकास तथा पेयजल और स्वच्छता मंत्रलय के तहत इस अभियान को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लागू किया गया है । इस मिशन का पहला स्वच्छता अभियान (25 सितंबर 2014) भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा इसके पहले शुरु किया जा चुका था । इसका उद्देश्य सफाई व्यवस्था की समस्या का समाधान निकालना साथ ही, सभी को स्वच्छता की सुविधा के निर्माण द्वारा पूरे भारत में बेहतर मल–प्रबंधन करना है ।

शब्दार्थ

अभियान	অভিযান
राष्ट्रीय	জাতীয়
स्वच्छता	স্বচ্ছতা
मुहिम	প্রচার
आंदोलन	আন্দোলন
पेयजल	পানীয় জল
मल	ময়লা

— * —

पाठ / পাঠ -17

1.0 পাঠ - 'चंपा, पढ़ लेना अच्छा है' (कविता / কবিতা)

2.0 গদ্যরূপ

3.0 শব্দাবলী

4.0 ভাবানুবাদ (भावानुवाद)

5.0 কবিতার মূল ভাব (कविता का केंद्रीय भाव)

6.0 প্র.ন ও উত্তর

1.0 পাঠ - चंपा पढ़ लेना अच्छा है (চম্পা লেখাপড়া করা ভালো)

–त्रिलोचन शास्त्री

चंपा काले-काले अच्छर नहीं चीन्हती
मैं जब पढ़ने लगता हूँ वह आ जाती है
खड़ी-खड़ी चुपचाप सुना करती है
उसे बड़ा अचरज होता है ;
इन काले चिह्नों से कैसे ये सब स्वर
निकला करते हैं ।

चंपा सुंदर की लड़की है
सुंदर ग्वाला है : गाय-भैंसें रखता है
चंपा चौपायों को लेकर
चरवाही करने जाती है ।

चंपा अच्छी है
चंचल है
नटखट भी है
कभी-कभी ऊधम करती है
कभी-कभी वह कलम चुरा लेती है

जैसे-तैसे उसे ढूंढ़कर जब लाता हूँ
पाता हूँ - अब कागज गायब
परेशान फिर हो जाता हूँ ।
चंपा कहती है :
तुम कागद ही गोदा करते हो दिन भर
क्या यह काम बहुत अच्छा है
यह सुनकर मैं हँस देता हूँ
फिर चंपा चुप हो जाती है ।

उस दिन चंपा आई, मैंने कहा कि
चंपा, तुम भी पढ़ लो
हारे गाढ़े काम सरेगा

गांधी बाबा की इच्छा है -
सब जन पढ़ना-लिखना सीखें
चंपा ने यह कहा कि
मैं तो नहीं पढूँगी
तुम तो कहते थे गांधी बाबा अच्छे हैं
वे पढ़ने-लिखने की कैसे बात कहेंगे
मैं तो नहीं पढूँगी ।

मैने कहा चंपा, पढ़ लेना अच्छा है
ब्याह तुम्हारा होगा, तुम गौने जाओगी,
कुछ दिन बालम सँग-साथ रह चला जाएगा जब कलकत्ता
बड़ी दूर है वह कलकत्ता
कैसे उसे संदेसा दोगी
कैसे उसके पत्र पढ़ोगी
चंपा पढ़ लेना अच्छा है ।

चंपा बोली : तुम कितने झूठे हो, देखा,
हाय राम, तुम पढ़-लिखकर इतने झूठे हो

मैं तो ब्याह कभी न करूँगी
और कहीं जो ब्याह हो गया
तो मैं अपने बालम को सँग-साथ रखूँगी
कलकत्ता मैं कभी न जाने दूँगी
कलकत्ते पर बजर गिरे ।

2.0 गद्यरूप गद्य क्रम

पैरा-1

चंपा कागज पर लिखे काले-काले अक्षर नहीं पहचानती । जब मैं पढ़ना शुरू करता हूँ, तो वह पास खड़ी होकर चुपचाप सुनती है । इन काले अक्षरों को पढ़कर कैसे ये स्वर निकाले जाते हैं, यह देखकर उसे बड़ा आश्चर्य होता है ।

पैरा-2

चंपा सुंदर नाम के ग्वाले की बेटी है ।

सुंदर के पास गाय और भैंसें हैं । चंपा गाय-भैंसों को चराती है ।

पैरा-3

चंपा एक अच्छी लड़की है । वह चंचल और नटखट भी है । कभी-कभी शरारत भी करती है और मेरी कलम चुरा लेती है । किसी तरह से जब कलम ढूँढ़ लेता हूँ, तब पता लगता है, कागज़ भी गायब है । मैं फिर से परेशान हो जाता हूँ ।

पैरा-4

चंपा मुझसे पूछती है कि क्या लिखना इतना अच्छा काम है, तुम दिनभर लिखते रहते हो ?

पैरा-5

एक दिन जब चंपा आई तो मैंने उससे कहा कि तुम भी पढ़ना-लिखना सीख लो । मुश्किल में तुम्हारे काम आएगा ।

गांधी जी की इच्छा भी यही है कि सभी लोग पढ़ना-लिखना सीखें ।

चंपा ने कहा, मैं नहीं पढूँगी । और पूछा तुम तो गांधी जी को अच्छा कहते थे, तब वे पढ़ने-लिखने की बात कैसे कह सकते हैं ? मैं नहीं पढूँगी ।

पैरा–6

मैंने चंपा से कहा, पढ़ना–लिखना अच्छा है । जब तुम्हारा ब्याह होगा और गौने के बाद पति के घर जाओगी और तुम्हारा पति कुछ दिन तुम्हारे साथ रहकर काम–काज के लिए कलकत्ता चला जाएगा । कलकत्ता तो बहुत दूर है, तब उसे संदेश कैसे भेजोगी ? उसके पत्र कैसे पढ़ोगी ? इसलिए चंपा, पढ़ना–लिखना अच्छा है ।

पैरा–7

चंपा ने आश्चर्य से मुझे देखकर कहा, तुम कितना झूठ बोलते हो ? हाय राम, तुम पढ़ लिखकर भी इतना झूठ बोलते हो ।

मैं कभी विवाह नहीं करूँगी, और यदि विवाह हो भी गया तो हमेशा पति को साथ ही रखूँगी। उसे कलकत्ता कभी न जाने दूँगी । बिजली गिरे कलकत्ते पर ।

3.0 शब्दावली

काले–काले	कालो कालो
अक्षर	অক্ষর
चीन्हती	চেনা
चुपचाप	চুপচাপ
अचरज	আশ্চর্য / বিস্ময়
चिह्न	চিহ্
चौपाया	গবাদী পশু
चरवाई	গোচারণ
चंचल	চঞ্চল
नटखट	দুষ্টু
ऊधम	উৎপাত করা
गायब	উধাও
गोदना	হিজিবিজি কাটা
हारे–गाढ़े	কঠিন সময়ে
इच्छा	ইচ্ছা
सरेगा	সম্পন্ন করা
ब्याह	বিয়ে
गौना	বিয়ের বেশ কিছু সময়ের পরে মেয়েকে বাপের বাড়ী থেকে শ্বশুরবাড়ী পাঠানোকে গৌনা বলে।
बालम	স্বামী
संदेशा	বার্তা
झूठे	মিথ্যুক
बजर (वज्र)	বজ্র

4.0 ভাবানুবাদ

कवि एक चरवाहे की बेटी चंपा को साक्षर बनने के लिए प्रेरित करते हैं ।

पैरा–1

चंपा निरक्षर है । जब मैं बोलकर पढ़ता हूँ । तब वह उत्सुकता से मुझे सुनती है, उसे बहुत हैरानी होती है कि ये काले–काले अक्षर मुँह से कैसे बोले जा रहे हैं ?

पैरा–2

चंपा का परिचय देते हुए कवि कहता है कि चंपा सुंदर नाम के एक ग्वाले की बेटी है । सुंदर गाय–भैंस पालता है । चंपा उन गाय–भैंसों को चराने के लिए ले जाती है ।

पैरा–3

चंपा के स्वभाव का चित्रण करते हुए कवि आगे कहता है कि चंपा चंचल, नटखट और ऊधमी लड़की है । कभी कलम चुराकर तो कभी कागज चुराकर मुझे परेशान करती है ।

पैरा–4

लिखित भाषा के विषय में चंपा के कौतुहल का वर्णन करते हुए कवि कहता है कि मुझे दिनभर कागज़ पर लिखते हुए देखकर चंपा के मन में प्रश्न उठता है, क्या लिखना बहुत अच्छा काम है ?

पैरा–5

सभी लोगों में पढ़ने–लिखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कवि कहता है, मैंने एक दिन चंपा से कहा कि वह पढ़ना–लिखना सीखे । हमेशा काम आएगा । गांधी जी ने साक्षरता पर बल दिया था ।

चंपा पढ़ने–लिखने का महत्व नहीं समझ सकी और पूछने लगी कि गांधी बहुत अच्छे व्यक्ति हैं । फिर वे पढ़ने–लिखने की बात कैसे कर सकते हैं ? मैं तो नहीं पढूँगी ।

पैरा–6

पढ़ने–लिखने के महत्व पर बल देते हुए कवि चंपा को समझाता है कि जब विवाह के पश्चात तुम पति के घर जाओगी तो कुछ दिन बाद तुम्हारा पति काम–काज के लिए कलकत्ता जा सकता है । अगर तुमको पढ़ना–लिखना नहीं आता होगा तो उसको संदेशा कैसे भेज सकोगी ? वह अगर तुम्हें पत्र लिखेगा तो उस पत्र को कैसे पढ़ सकोगी । इसलिए पढ़ना–लिखना सीखना बहुत जरूरी है ।

पैरा–7

यह सुनकर चंपा अचरज में पड़ गई और बोली कि क्या पढ़–लिखकर भी व्यक्ति झूठ बोलता है ? मैं विवाह नहीं करूँगी और यदि विवाह हो भी गया तो हमेशा अपने पति को साथ रखूँगी । उसे अकेले कलकत्ता नहीं जाने दूँगी, कलकत्ते का सत्यानाश हो ।

5.0 কবিতার মূল ভাব (कविता का केंद्रीय भाव)

इस कविता में कवि लड़कियों की साक्षरता पर बल देता है । और कहता है कि लड़कियों का भी साक्षर होना आवश्यक है । पढ़–लिख लेने पर जीवन सुगम हो जाता है । जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति भी उत्पन्न हो जाती है ।

6. প্রশ্ন ও উত্তর

प्रश्न–1. इस कविता के आधार पर चंपा का परिचय दीजिए ।

उत्तर चंपा एक ग्वाले की लड़की है । वह अनपढ़ है । वह गाय–भैंसों को चराने ले जाती है ।

प्रश्न–2. चंपा के स्वभाव का वर्णन कीजिए ।

उत्तर चंपा चंचल और नटखट स्वभाव की लड़की है । उसे शरारत करने में आनंद आता है । लिखे हुए शब्द को देखकर उसके मन में कौतुहल उत्पन्न होता है ।

प्रश्न–3. कवि क्या कहकर चंपा को साक्षर बनने के लिए प्रेरित करता है ?

उत्तर कवि चंपा से कहता है कि अगर तुम पढ़ना लिखना नहीं सीखोगी तो अपने पति को संदेश कैसे भेजोगी और उसका पत्र कैसे पढ़ोगी ।

प्रश्न–4. चंपा कवि को कैसे परेशान करती है ?

उत्तर चंपा कभी कवि की कलम चुरा लेती है तो कभी कागज़ छुपा देती है ।

— * —

पाठ / पाठ-18

1.0 पाठ विषयक

2.0 पाठ - समाचार पत्र (संवाद पत्र)

1.0 पाठ विषयक

वर्तमा पाठटि छोटो संवादपत्रेर आकारे परिकल्पना करा हयेछे, याते राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक ও खेलाधूला विषयगुलि सम्मिलित आछे।

2.0 पाठ समाचार पत्र **(संवाद पत्र)**

1. हिमाचल में तीसरे दिन भूकंप के झटके नई दिल्ली : 20 दिसंबर हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में रविवार सुबह फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए । यह झटका 3.5 तीव्रता से आया । शुक्रवार, शनिवार को भी चंबा में झटके आए थे ।	**2. कलाम पर बैक्टीरिया का नाम** नई दिल्ली : 20 दिसंबर नासा के वैज्ञानिकों ने उनके द्वारा खोजे गए एक नए जीव को भारत के पूर्व राष्ट्रपति और अंतरिक्ष वैज्ञानिक ए पी जे अब्दुल कलाम का नाम दिया है । नासा की प्रयोगशाला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के फिल्टरों में इस जीवाणु को खोजा ।
3. लोगों को मरने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है नई दिल्ली : 20 दिसंबर, कार्यालय संवाददाता द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली में प्रदूषण के जानलेवा स्तर तक पहुँचने पर केंद्र, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा सरकार को नोटिस भेजा है । साथ ही, कहा कि सरकार जहरीली धुंध के कारण अपने नागरिकों को मरने के लिए नहीं छोड़ सकती । आयोग ने इस खतरे से निपटने के लिए उचित कदम नहीं उठाने को	**4. पहली बार, दूसरे सोलर सिस्टम की कोई चीज हमारी आकाशगंगा में आई** एजेंसियाँ, वाशिगंटन अंतरिक्ष में एक रहस्यमय चीज के दिखने से नासा के वैज्ञानिक हैरान हैं । माना जा रहा है कि ऐसा पहली बार है कि बाहर से हमारी आकाशगंगा में कोई वस्तु आई है । वैज्ञानिकों के अनुसार यह कोई धूमकेतु या कॉमेट हो सकता है । यह चीज दिखने में काफी छोटी थी लेकिन काफी तेजी से घूमती नजर आ रही थी । उनके अनुमान के मुताबिक इसकी स्पीड 15 माइल प्रति सेकंड थी । साथ ही हाल में ही यह

लेकर प्राधिकारियों की निंदा की । आयोग ने सरकारों से हालात से निपटने के लिए उठाए जा रहे एवं प्रस्तावित कदमों की दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है ।	पृथ्वी के ऑर्बिट से करीब 15 मिलियन की दूरी से गुजरी थी । इसका नाम फिलहाल 'ए/2017यूआई' रखा गया है और इससे पृथ्वी को किसी भी तरह का खतरा होने की बात से इन्कार किया गया है ।
5. इमरजेंसी में इन्टरनेट बंद करना आसान नहीं संवाददाता नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से कहा है कि वे लॉ एंड ऑर्डर या ऐसे मुद्दों के आधार पर जब भी किसी खास क्षेत्र में इन्टरनेट सेवा को बंद करें तो इसके लिए बनी नीति के तहत ही करें । साथ ही इसके लिए जरूरी मानकों को भी फॉलो करने को कहा है।	**6. सिम का क्लोन बनाकर ठगी का नया धंधा** नई दिल्ली : 20 दिसंबर अगर आप मोबाइल नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर कंपनी के कस्टमर केयर को सिम नंबर की कोई जानकारी दे रहे हैं, तो जरा सावधान हो जाइए। कहीं ऐसा न हो कि शातिर ठग आपके सिम का क्लोन तैयार कर बैंक खाते से जीवन भर की गाढ़ी कमाई हड़प लें ।
7. 1.7 लाख को एयर लिफ्ट कराने वाले मैथ्यु नहीं रहे मुंबई 20 दिसंबर रियल स्टोरी पर बनी फिल्म एयर लिफ्ट को भारतीय दर्शकों के साथ दुनिया भर में तारीफें मिलीं । असल जिंदगी में एयर लिफ्ट के नायक मैथुनी मैथ्यु थे जिनका 81 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को कुवैत में निधन हो गया है । इराक जंग के दौरान कुवैत से 1 लाख 70 हजार भारतीयों को सुरक्षित निकालने में मैथ्यु ने अभूतपूर्व मदद की ।	**8. दिल्ली के चिड़ियाघर में एक साल में 171 वन्य जीवों की मौत** नई दिल्ली 20 दिसंबर एक वर्ष के भीतर दिल्ली चिड़ियाघर में वन्यजीवों की मृत्यु के मामलों में दो गुना का इजाफा हुआ है । बीते वर्ष दिल्ली के चिड़ियाघर में गर्मी और सर्दी से सबसे अधिक मौतें हुई ।
9. बारिश से मौसम हुआ सुहाना नई दिल्ली 20 दिसंबर	**10. मेरी कॉम ने पक्का किया अपना छठा मेडल** एजेंसियां, हो चि मिन्ह सिटी (वियतनाम)

रविवार वीकेंड का दिन राजधानीवासियों के लिए तापमान में आई तेजी से न्यूनतम आर्द्रता के लिए खास व राहत भरा रहा । राजधानी के कुछ हिस्सों में सुबह करीब साढ़े छह बजे तेज हवाओं के साथ पहले हल्की बूँदाबाँदी हुई । फिर शाम चार बजे विभिन्न क्षेत्रों में अलग–अलग समय पर हुई रिमझिम बारिश । इसके पहले धूलभरी तेज हवा चली, लेकिन बाद में हुई बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया ।	दिग्गज बॉक्सर एम सी मेरी कॉम ने एशियाई महिला बॉक्सिंग चौंपियनशिप में पहुँचकर इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना छठा मेडल पक्का किया ।
11. भारत में फैला फुटबॉल एजेंसियाँ, कोलकाता फीफा प्रेजिडेंट जियानी इनफैनटिनो ने कहा है कि भारत अब फुटबॉल कंट्री बन गया है। जियानी गुरुवार को यहाँ पहुँचे । उन्हें आज फीफा काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करनी है । इसके बाद वह शनिवार को अंडर–17 वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान भी मौजूद रहेंगे और विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करेंगे ।	**12. महिला क्रिकेट टीम ने जीती चार देशों की सीरीज** हमारे विशेष संवाददाता द्वारा भारतीय महिलाओं ने वर्ल्ड कप से पहले बड़ा टूर्नामेंट जीत लिया है । उसने चार देशों के वनडे टूर्नामेंट के फाइनल में मेजबान दक्षिण अफ्रीका को 8 विकेट से पराजित किया । टूर्नामेंट में भारत, दक्षिण अफ्रीका के अलावा आयरलैंड और जिंबाब्वे की टीमों ने हिस्सा लिया । आई सी सी वर्ल्ड कप 24 जून से इंग्लैंड में खेला जाएगा ।

বিশেষ বৈশিষ্ট্য

সংবাদ উপস্থাপিত করার ধরণ এবং ভাষা ব্যবহারের নিম্নলিখিত বৈশিষ্ট্যগুলি লক্ষ্য ক ন।

(ক) শিরোনাম সংক্ষিপ্ত ও আকর্ষক হয় এবং এতে সংবাদ সারাংশ প্রতিফলিত হয়ে থাকে। যেমন ঃ

कलाम पर बैक्टीरिया का नाम

बारिश से मौसम हुआ सुहाना

(খ) সাধারণতঃ সংবাদ পত্রগুলি দুটি প্রধান সূত্র থেকে সংবাদ সংগ্রহ করে থাকে।

i) কেন্দ্রীয় মিডিয়া নেটওয়ার্কের মাধ্যমে যে সংবাদ সংস্থা খবর পাঠায় ঃ

प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया, समाचार भारती, युनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया

ii) নিজস্ব প্রতিনিধি এবং সংবাদ দাতার মাধ্যমে যেমন ঃ

বিশেষ প্রতিনিধি বিশেষ প্রতিনিধি

খেল সংবাদদাতা ত্রীড়া সাংবাদিক

(গ) সংবাদের শু তেই সাধারণতঃ সংবাদ সংস্থার নাম দেওয়া হয়। যেমন ঃ

বার্তা – য়ুনাইটেড ইংডিয়া বার্তা

প্রে. ট্র. – প্রেস ট্রস্ট অঁফ ইংডিয়া

রা. – রায়টর

স. ভা. – সমাচার ভারতী

যু. ন্যূ. – যুনাইটেড ন্যূজ

একই রকমভাবে সংবাদ পত্রের নিজস্ব সাংবাদিক এবং সংবাদদাতার উল্লেখ করা হয়।

হমারে বিশেষ সংবাদদাতা দ্বারা নিজস্ব বিশেষ সংবাদদাতা দ্বারা।

হমারে বিশেষ প্রতিনিধি দ্বারা নিজস্ব বিশেষ প্রতিনিধি দ্বারা।

খেল সংবাদদাতা দ্বারা ত্রীড়া সংবাদদাতা দ্বারা

(ঘ) অসমর্থিত সংবাদ বা সংবাদ সূত্রের গোপনীয়তা রক্ষার জন্য সাধারণতঃ নিম্নলিখিত বয়ানটি ব্যবহার করা হয়।

বিশ্বস্ত সূত্রों के अनुसार বি শ্বস্ত সূত্র অনুসারে।

मालूम हुआ है कि জানা গেছে যে।

(ঙ) সংবাদ পত্রে সাধারণতঃ যখন ব্যক্তি বিশেষের বিবৃতি প্রকাশ করা হয় তখন তা পরোক্ষ উক্তি তে করা হয়। হিন্দীতে প্রত্যক্ষ এবং পরোক্ষ উক্তি তে তেমন উল্লেখযোগ্য কোনো পার্থক্য থাকে না সে ক্ষেত্রে উদ্ধৃতি চিহ্ন তুলে দিয়ে কি ব্যবহার করা হয়। ইংরাজির মত সর্বনাম এবং ক্রি য়ার কোন পরিবর্তন হিন্দীতে হয় না। যেমন ঃ

প্রত্যক্ষ : सिंधिया ने कहा, पाठ्य पुस्तकों को संशोधित करने की जरूरत है ।

অপ্রত্যক্ষ : सिंधिया ने कहा कि पाठ्य पुस्तकों को संशोधित करने की जरूरत है ।

লক্ষ্য ক ন উল্লিখিত দুটি বাক্যের গঠন রীতিতে উল্লেখযোগ্য কোন পার্থক্য নেই।

— * —

पाठ / পাঠ-19

1.0 पाठ - हम सब सुमन एक उपवन के (कविता / কবিতা)

2.0 कविता का गद्य रूप (কবিতার গদ্যরূপ)

3.0 शब्दावली

4.0 भावार्थ (ভাবার্থ)

5.0 प्रश्न ও উত্তর

1.0 पाठ - हम सब सुमन एक उपवन के (একই বাগানের ফুল আমরা)

- द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

1. हम सब सुमन एक उपवन के ।
एक हमारी धरती सबकी
जिसकी मिट्टी में जनमे हम ।
मिली एक ही धूप हमें है
सींचे गए एक जल से हम ।।
पले हुए हैं झूल-झूलकर
पलनों में हम एक पवन के ।
हम सब सुमन एक उपवन के ।।

2. रंग-रंग के रूप हमारे
अलग-अलग है क्यारी-क्यारी ।
लेकिन हम सबसे मिलकर ही
इस उपवन की शोभा सारी ।।
एक हमारा माली, हम सब
रहते नीचे एक गगन के ।
हम सब सुमन एक उपवन के ।।

3. काँटों में खिलकर हम सबने
हँस-हँसकर है जीना सीखा ।
एक सूत्र में बँधकर हमने
हार गले का बनना सीखा ।।
सबके लिए सुगंध हमारी,
हम शृंगार धनी-निर्धन के ।
हम सब सुमन एक उपवन के ।।

2.0 कविता का गद्य रूप (কবিতার গদ্যরূপ)

पद–1

हम सब एक उपवन के सुमन हैं । हम सबकी धरती एक है, उसी की मिट्टी में हम जन्मे हैं । हमें एक ही जैसी धूप मिली है और हम एक ही जल से सींचे गए हैं । हम एक ही पवन के पालने में झूल झूलकर पले हैं । हम सब एक उपवन के सुमन हैं ।

पद–2

हमारे रूप रंग अलग-अलग हैं । हमारी क्यारी भी अलग-अलग है । लेकिन इस उपवन की सारी शोभा हम सबसे मिलकर है । हम सब एक ही गगन के नीचे रहते हैं और हमारा माली भी एक ही है । हम सब एक ही उपवन के फूल हैं ।

पद–3

हम सब ने काँटों में खिलकर हँस-हँसकर जीना सीखा है । एक सूत्र में बंधकर हमने गले का हार बनना सीखा है । हमारी सुगंध सबके लिए है चाहे धनी हो या निर्धन, हम सबके शृंगार हैं । हम सब एक ही उपवन के सुमन हैं ।

3.0 शब्दावली

पद-1

सुमन	সুমন / ফুল	मिट्टी	মাটি
उपवन	উপবন	जनमे	জন্ম
धरती	ধরনী	धूप	রৌদ্র
सींचना	সিঞ্চন করা	जल	জল

पलना	दोलना	झूल-झूलकर	दुले दुले
पलना	पालन करा	पवन	पवन

पद – **2**

रंग	रङ	क्यारी	फूलेर बागान
रूप	रूप	शोभा	शोभा
अलग	आलादा		
माली	मालो	गगन	गगन

पद – **3**

कांटे	काँटा	जीना	बाँचा
बाँधना	बाँधा	लिखना	लेखा
सीखना	शेखा	हार	हारा
हँसना	हाँसा	सूत्र	सूतो
सुगंध	सुगन्ध	निर्धन	निर्धन
शृंगार	शृङ्गार	धनी	धनी

भावार्थ

द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी ने इस कविता में अनेकता में एकता के भाव को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है ।

कवि ने इस कविता में बच्चों के माध्यम से एकता की भावना जगाते हुए कहा कि :-

हम सब एक ही बगीचे के फूलों की तरह हैं । हम सब जाति, धर्म और पंथ की भावना से मुक्त हैं ।

कवि कहना चाहता है कि हम अलग-अलग होते हुए भी एक हैं ।

पद – **1**

हम सब एक ही बगीचे के फूलों की तरह हैं । हम सबकी धरती एक है और हम सब उसी से जन्मे हैं । हम सभी को एक ही प्रकार की धूप मिली है और एक ही जल से सींचे गए हैं । अर्थात

हमारी परवरिश समान भारतीय परिवेश में हुई है । हम सब एक ही बगीचे के फूलों की तरह हैं ।

हम जिस पालने में झूल-झूलकर बड़े हुए हैं, उसे एक ही पवन ने झुलाया है । हम सब एक बगीचे के फूलों की तरह हैं ।

पद – 2

हमारे रंग-रूप में भले ही विभिन्नता है, हम अलग-अलग प्रांतों में पले-बढ़े हैं । लेकिन हम इस देश की शोभा इसी प्रकार बढ़ा रहे हैं जिस प्रकार बगीचे में अलग-अलग क्यारियों में खिलने वाले फूल बगीचे की शोभा बढ़ा रहे हैं ।

जिस तरह एक माली बगीचे में लगे हुए फूलों की देखभाल करता है उसी तरह हम सबका जन्मदाता, पालन-पोषण करने वाला एक ईश्वर है । हम उसी की छत्र–छाया में रह रहे हैं ।

पद – 3

कष्टों और अभावों में भी हमने खुशी-खुशी जीवन को जीना सीखा है । हमने आपस में मिलजुलकर रहना सीखा है । हम सब प्रेम और एकता के सूत्र में बंधकर देश का सम्मान बढ़ा रहे हैं; उसी तरह जैसे माला व्यक्ति की शोभा बढ़ाती है।

हमारे लिए सभी समान हैं । सबके भीतर परोपकार की भावना है । हम सब एक हैं ।

4.1 कविता का केंद्रीय भाव (কবিতার মূল ভাব)

भारत विविधताओं का देश है । अनेक प्रांतों, धर्मो, जातियों, वर्गों, भाषाओं के होते हुए भी हम सब एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं । 'अनेकता में एकता' हमारी विशेषता है ।

5.0 प्रश्न और उत्तर (প্রশ্ন ও উত্তর)

प्रश्न–1. 'हम सब सुमन एक उपवन के' का क्या तात्पर्य है ?

उत्तर इन पंक्तियों का तात्पर्य है 'अनेकता में एकता' ।

प्रश्न–2. कवि धरती, मिट्टी, धूप और जल के माध्यम से क्या बताना चाहता है ?

उत्तर कवि इन तत्वों से सबके पालन-पोषण की बात बताता है । उपर्युक्त सभी तत्व समान रूप से सबके विकास में सहायक हैं।

प्रश्न–3. इस कविता में माली से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर माली से तात्पर्य है हमारा पालन-पोषण करने वाला, सृष्टि का निर्माता, ईश्वर ।

प्रश्न–4. 'अलग–अलग है क्यारी–क्यारी लेकिन हम सबसे मिलकर ही, इस उपवन की शोभा सारी' का भाव स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर विभिन्न प्रांतों, धर्मों, जातियों, वर्गों भाषाओं के होते हुए भी सब भारतीय हैं। भारत की शोभा इसी एकता में है ।

प्रश्न–5. इस कविता से हमें क्या संदेश मिलता है ?

उत्तर इस कविता में कवि ने एकता का संदेश दिया है ।

— * —

পাঠ / পাঠ -20

1.0 সার লেখন / সংক্ষেপণ (সার সংক্ষেপন)

1.1 সার সংক্ষেপন সম্পর্কে

2.0 পল্লবন (গল্প পল্লবিত করা)

2.1 গল্প পল্লবন সম্পর্কে

1.0 সার লেখন / সংক্ষেপণ (সার সংক্ষেপন)

1.1 সার সংক্ষেপন সম্পর্কে

প্রদত্ত পাঠের অপরিহার্য বিষয়গুলি একত্রিত করে ছোটো আকারে লেখাকেই সার সংক্ষেপ বলে।

সার সংক্ষেপ সাধারণতঃ মূল পাঠের এক তৃতীয়াংশ হওয়া উচিত।

যতদূর সম্ভব মূল পাঠের শব্দ এবং বাক্যের পুনরাবৃত্তি ও ব্যবহার এড়িয়ে চলা উচিত।

মূল পাঠে অভিব্যক্ত দৃষ্টিকোন ছাড়া সার সংক্ষেপনে কোনরকম নিজস্ব দৃষ্টি ভঙ্গি থাকা উচিত নয়।

প্রদত্ত পাঠটি ভাল করে পড়ুন এবং আলাদা কাগজে মূল সংকেতগুলি লিখুন। সার সংক্ষেপনের সংকেতগুলি বিস্তারিত করে উপযুক্ত শীর্ষক দিন।

সার সংক্ষেপনের জন্য প্রদত্ত হিন্দী পাঠটি কিছু অপরিচিত শব্দ এবং বাক্যাংশ থাকার জন্য কঠিন মনে হতে পারে তাই পাঠের শেষে কঠিন শব্দের এবং বাক্যাংশের প্রাসঙ্গিক অর্থ দেওয়া হয়েছে। এইগুলি পাঠটি বুঝতে আপনাদের সাহায্য করবে।

1.2 নিম্নলিখিত অনুচ্ছেদের সার সংক্ষেপ লিখুন।

উদাহরণ–1

প্রत्येक राष्ट्र के जीवन-निर्वाह के लिए यह आवश्यक है कि देश की प्राकृतिक संपत्ति की रक्षा की जाए तथा उस संपत्ति को उन्नति देने के पूरे-पूरे प्रयत्न किए जाएँ । देश की कृषि, देश की खानों की पैदावार तथा देश की दस्तकारी की बिना रक्षा किए, बिना उसकी उन्नति किए तथा बिना देश के धन को देश से बाहर जाने से रोके किसी भी देश में बच्चों का पालन अथवा उन्हें दरिद्रता तथा दुष्काल के भयंकर परिणामों से बचाना सर्वथा दुष्कर है । साथ ही हमें यह भी स्मरण रखना चाहिए कि राष्ट्रीय जीवन तथा राष्ट्रीय उन्नति के लिए देश की प्राकृतिक संपत्ति को उन्नति देने की अपेक्षा देश की

मानसिक और नैतिक संपत्ति को उन्नति देना अधिक आवश्यक कार्य है । जो राष्ट्र अपनी मानसिक संपत्ति की उचित रक्षा करता है तथा उसे उन्नत बनाने के पूरे-पूरे प्रयत्न करता है, केवल वह राष्ट्र ही मान, उत्साह तथा स्वतंत्रता के साथ इस संसार में जीवित रह सकता है । राष्ट्र के बालक-बालिकाएँ राष्ट्र की मानसिक और नैतिक संपत्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्ति से अधिक मूल्यवान और महत्व की हैं। जो राष्ट्र इस धन की उचित रक्षा और उन्नति नहीं करता वह उन्नति के पथ से हटकर अवनति के गड्ढे की ओर फिसलने लगता है ।

जिस संपत्ति की ओर हम अभी संकेत कर आए हैं, उनकी रक्षा और वृद्धि उचित शिक्षा के प्रभाव से ठीक-ठीक तभी हो सकती है, जब हम अपने कर्तव्यों तथा अधिकारों को समझें और अपने अधिकारों को पूरा करने और अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए कटिबद्ध हों । कर्तव्य-विमूढ़ परतंत्र देशों के लोग अत्यंत लाभप्रद तथा रत्नगर्भा भूमि में रहते हुए भी निर्धन बने रहते हैं । अशिक्षित और अज्ञानांधकार में डूबे हुए दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के आदिवासी अपने पैरों के नीचे सोने की खानें रखते हुए भी कंगाल हैं । वास्तव में किसी देश की प्राकृतिक संपत्ति की रक्षा तथा वृद्धि उस देश की मानसिक संपत्ति की रक्षा तथा वृद्धि पर ही निर्भर है ।

संक्षेपण

किसी राष्ट्र को समृद्ध तथा उन्नत बनाने के लिए उस राष्ट्र की प्राकृतिक संपदा की रक्षा तथा वृद्धि आवश्यक है । राष्ट्र के बालक-बालिकाओं को भी राष्ट्र–संपत्ति समझा जाता है, जिनके भविष्य की रक्षा राष्ट्र के मानसिक और नैतिक उत्थान से ही संभव है । अधिकारों और कर्तव्यों के सम्यक् ज्ञान से मानसिक और नैतिक उन्नति की रक्षा की जा सकती है, जिसके अभाव में राष्ट्र की प्राकृतिक संपदा की भी रक्षा नहीं की जा सकती ।

1.3 उदाहरण-2

समस्त भारतीय साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता उसके मूल में स्थित समन्वय की भावना है । उसकी यह विशेषता इतनी प्रमुख तथा मार्मिक है कि केवल इसी के बल पर संसार के अन्य साहित्यों के सामने वह अपनी मौलिकता की पताका फहरा सकता है और अपने स्वतंत्र अस्तित्व की सार्थकता प्रमाणित कर सकता है । जिस प्रकार धार्मिक क्षेत्र में भारत के ज्ञान, भक्ति तथा कर्म के समन्वय प्रसिद्ध हैं, ठीक उसी प्रकार साहित्य तथा अन्य कलाओं में भी भारतीय प्रकृति समन्वय की ओर रही है । साहित्यिक समन्वय से हमारा तात्पर्य साहित्य में प्रदर्शित सुख-दुख, उत्थान-पतन, हर्ष-विषाद आदि विरोधी तथा विपरीत भावों के समीकरण तथा एक अलौकिक आनंद में उनके विलीन हो जाने में है । साहित्य के किसी अंग को लेकर देखिए, सर्वत्र यही समन्वय दिखाई देगा । भारतीय नाटकों में ही सुख और दुख के प्रबल घात-प्रतिघात दिखाए गए हैं, पर सबका अवसान आनंद में ही किया गया है । इसका प्रधान कारण

यह है कि भारतीयों का ध्येय सदा से जीवन का आदर्श स्वरूप उपस्थित करके उसका उत्कर्ष बढ़ाने और उसे उन्नत बनाने का रहा है । वर्तमान स्थिति से उसका इतना संबंध नहीं है, जितना भविष्य की संभाव्य उन्नति से है । हमारे यहाँ यूरोपीय ढंग के दुखांत नाटक इसीलिए नहीं दीख पड़ते हैं । यदि आजकल ऐसे नाटक दिखाई पड़ने लगे हैं, तो वे भारतीय आदर्श से दूर और यूरोपीय आदर्श के अनुकरण मात्र हैं ।

संक्षेपण

भारतीय साहित्य की सबसे बड़ी एवं मौलिक विशेषता उसके मूल में विद्यमान समन्वय की भावना है । यहाँ के साहित्य का चरम लक्ष्य आनंद की प्राप्ति है । जिसमें सुख-दुख दोनों का मिश्रण रहता है । आजकल जो कभी-कभी दुखांत साहित्य दिखलाई पड़ने लगता है, उसका कारण पश्चिम की नकल है ।

उक्त अवतरण का शीर्षक दिया जा सकता है 'भारतीय साहित्य की मौलिक विशेषता' ।

1.4 उदाहरण-3

आधुनिक शिक्षा-प्राप्त स्त्रियाँ अच्छी गृहिणियाँ नहीं बन सकतीं, यह प्रचलित धारणा पुरुष के दृष्टि बिंदु से देखकर ही बनाई गई है, स्त्री की कठिनाई को ध्यान में रखकर नहीं । एक ही प्रकार के वातावरण में पले और शिक्षा पाए हुए पति-पत्नी के जीवन तथा परिस्थितियों की यदि हम तुलना करें तो संभव है आधुनिक शिक्षित स्त्री के प्रति कुछ सहानुभूति का अनुभव कर सकें । विवाह से पुरुष को तो कुछ छोड़ना नहीं पड़ता और न उसकी परिस्थितियों में ही कोई अंतर आता है, परंतु इसके विपरीत स्त्री के लिए विवाह मानो एक परिचित संसार को छोड़कर नवीन संसार में जाना है, उसका जीवन नवीन होगा। पुरुष के मित्र, उसकी जीवनचर्या, उसके कर्तव्य सब पहले जैसे ही रहते हैं और वह अनुदार न होने पर भी शिक्षित पत्नी के परिचित मित्रों, अध्ययन तथा अन्य परिचित दैनिक कार्यों के अभाव को नहीं देख पाता । साधारण परिस्थिति होने पर भी घर में इतर कार्यों से स्त्री को अवकाश रहता है, संयुक्त कुटुंब न होने से बड़े परिवार की उलझनें भी नहीं घेरे रहतीं । उसके लिए पुरुष मित्र वर्ज्य हैं और उसे मित्र बनाने के लिए शिक्षित स्त्रियाँ मिलती हैं। अत: एक विचित्र अभाव का बोध उसे होने लगता है । कभी-कभी पति के आने-जाने जैसी छोटी बातों में बाधा देने पर वह विरक्त भी हो उठती है । अच्छी गृहिणी कहलाने के लिए उसे केवल पति की इच्छा के अनुसार कार्य करने तथा मित्रों और कर्तव्यों के अवकाश के समय उसे प्रसन्न रखने के अतिरिक्त और विशेष कुछ नहीं करना होता, परंतु यह छोटा-सा कर्तव्य उसके महान् अभाव को नहीं भर पाता ।

संक्षेपण

आज भी भारतीय शिक्षित नारी को अच्छी गृहिणी के रूप में न देख पाना पुरुषों की एकांगी दृष्टि का परिणाम है । विवाह के बाद बदली हुई उसकी मन: स्थिति तथा परिस्थिति की कठिनाइयों को नहीं

देखा जाता । उसकी रुचियों और भावनाओं की उपेक्षा की जाती है । पुरुष यदि अपने सुख के साथ पत्नी के सुख का भी ध्यान रखे तो वह अच्छी गृहिणी सिद्ध हो सकती है ।

2.0 पल्लवन (पल्लवित करा)

2.1 गल्प ः पल्लवन सम्पर्के

আপনারা জানেন যে নতুন ভাষা শেখার উদ্দেশ্যে শুধু পাঠ বোঝা বা সেই ভাষায় কথাবার্তা বলা নয়, বরং নিজেকে সেই ভাষায় স্বচ্ছন্দ এবং স্পষ্ট ভাবে সম্পূর্ণরূপে প্রকাশযোগ্য করা। ছাত্ররা নতুন ভাষার নানা প্রকারের গঠন রীতি ও অভিব্যক্তি র সাহায্যে যা শিখেছে তা দিয়েই এই উদ্দেশ্য তারা পূরণ করতে পারে।

নতুন ভাষায় ছাত্রদের প্রকাশ করতে পারার শক্তি তার গল্প গড়ে তোলার ক্ষমতা থেকে বোঝা যায়। এই পাঠে কয়েকটি গল্প সংকেত আকারে দেওয়া আছে। প্রদত্ত সংকেতের ভিত্তিতে গল্প গড়ে তোলার জন্য আপনার মনে গল্পের পুরো এবং স্পষ্ট ছবি সঠিকভাবে সাজিয়ে নেওয়া উচিত। সংকেত শুধু গল্পের একটি কঙ্কাল মাত্র। আপনার কাজ সেই কঙ্কালকে অস্থি মজ্জাসহ সুসজ্জিত করে তাতে প্রাণ প্রতিষ্ঠা করা।

এই পাঠে পূর্ণরূপ সহ দুটি গল্পের সংকেত দেওয়া আছে।

গল্প লেখা শু করার আগে নিম্নলিখিত প্রয়োজনীয় বিষয়গুলি লক্ষ্য ক ন ঃ

ক) সংকেতগুলি মনোযোগ দিয়ে পড়ে গল্পের কাঠামো বোঝার চেষ্টা ক ন।

খ) প্রস্তুত গল্পটি পড়ে বাদ যাওয়া সংকেতগুলি রেখাঙ্কিত ক ন।

গ) প্রয়োজন অনুসারে প্রদত্ত শব্দাবলী দেখুন।

ঘ) (i) পাঠের প্রদত্ত নমুনা গল্পের অনুকরণ না করে সংকেতগুলির সাহায্যে নিজের ভাষায় গল্পটি লেখার চেষ্টা ক ন। গল্পটিকে আরও বেশী যথার্থ এবং স্বাভাবিক রূপ দেওয়ার জন্য প্রয়োজন অনুসারে বার্তালাপ শৈলী ব্যবহর করা যেতে পারে।

(ii) ঘটনার পারম্পর্য সম্পর্কে বিশেষ সতর্ক থাকবেন। মনে রাখবেন সংকেতের মধ্যেই ঘটনার পারম্পর্য থাকে।

(iii) প্রদত্ত সংকেতগুলি এমনভাবে পরস্পর সম্পর্ক যুক্ত হবে যাতে গল্পটি যেভাবেই লেখা হোক না কেন তা যেন একটি পরিপূর্ণ গল্প হয়ে ওঠে।

(iv) গল্পের বাক্যগুলি ব্যাকরণগত ভাবে শুদ্ধ হবে এবং আপনার ব্যবহৃত ভাষা হবে সাবলীল।

ঙ) পাঠের প্রদত্ত নমুনা গল্পের সঙ্গে আপনার গল্প মিলিয়ে নিন। মনে রাখবেন আপনার প্রকাশ ভঙ্গি এবং উপস্থাপনা আলাদা হতে পারে কিন্তু গল্পে যেন প্রদত্ত সংকেতগুলি যথাযথ ভাবে ব্যবহৃত হয়।

চ) লিখিত গল্পের সুন্দর একটি শীর্ষক দিন।

নীচে দেওয়া গল্পের সংকেতগুলি পড়ুন :-

2.1 उदाहरण–1

एक किसान ..... बड़ा परिवार ..... चार बेटे ..... आपस में झगड़ना .. .. किसान उदास ..... एक विचार ..... जंगल जाना ..... लकड़ियों का गट्ठर ..... एक-एक लकड़ी ..... बेटों से तुड़वाना ..... आसानी से तोड़ना .... फिर गट्ठर तुड़वाना ..... सबका असमर्थ होना ..... किसान का समझाना .... एकता में बल।

पल्लवन

एक किसान था । उसके परिवार में पत्नी और एक बेटी के अलावा चार बेटे भी थे । उसके बेटे छोटी-छोटी बातों पर आपस में लड़ाई-झगड़ा करते थे। इस कारण किसान बहुत उदास रहता था । उसने अपने बेटों को कई बार समझाया किंतु उनका लड़ना-झगड़ना कम नहीं हुआ । एक दिन किसान के मन में एक विचार आया । वह कुल्हाड़ी लेकर जंगल गया । वहाँ उसने कुछ लकड़ियाँ तोड़ीं । लकड़ियों का गट्ठर बनाकर वह घर ले आया । उसने अपने बेटों को बुलाया और कहा, "उस गट्ठर में से एक-एक लकड़ी लो और उसे तोड़ो ।" बेटों ने एक-एक लकड़ी ली और आसानी से तोड़ डाली । तब किसान ने उनसे कहा, "अब इस पूरे गट्ठर को तोड़ो।" सब ने जोर लगाया किंतु उस गट्ठर को तोड़ने में असमर्थ रहे। किसान ने बेटों को समझाया, "अब तो तुम समझ गए न ? अकेले-अकेले रहे तो कोई भी तुम्हें नुकसान पहुँचा सकता है । यदि मिलजुलकर रहोगे तो कोई तुम्हारा कुछ बिगाड़ नहीं पाएगा। क्योंकि एकता में बल होता है ।"

4.2 उदाहरण–2

जंगल में शेर ..... जानवरों को मारकर खाना ..... जानवर परेशान ..... सबका पंचायत बुलाना ..... विचार-विमर्श करना ..... निर्णय लेना ..... बारी-बारी से शेर का भोजन बनना ..... शेर से निर्णय मानने का अनुरोध करना ..... खरगोश

की बारी ..... देर से पहुँचना ..... शेर का नाराज होना ..... खरगोश द्वारा झूठी कहानी सुनाना ..... पहले दूसरे शेर से निबटना ..... कुएँ में परछाईं देखना ..... शेर का कुएँ में छलाँग लगाना।

पल्लवन

एक जंगल में एक शेर रहता था । वह जब-तब जंगल के अन्य जानवरों पर हमला करता, उन्हें मार देता। इस कारण सभी जानवर बहुत परेशान थे । एक दिन सभी जानवरों ने पंचायत बुलाई । इस पंचायत में लोमड़ी, भालू, हाथी, हिरन, भैंसा, भेड़िया, जंगली सुअर, बंदर, खरगोश आदि एकत्रित हुए । इस समस्या पर सभी ने विचार-विमर्श किया ।

सभी ने मिलकर यह निर्णय लिया कि प्रति दिन शेर के पास एक जानवर सवेरे-सवेरे जाएगा जिसे खाकर शेर अपनी भूख शांत कर लिया करेगा । सबने शेर से यह निर्णय मान लेने का अनुरोध किया । इस प्रकार प्रतिदिन शेर के पास एक-एक जानवर बारी-बारी से जाने लगा। एक दिन शेर के पास जाने की बारी एक खरगोश की थी। वह जानबूझकर शेर के पास देर से पहुँचा । शेर उस पर बहुत नाराज हुआ । तब खरगोश ने शेर को एक झूठी कहानी सुनाई । उसने बताया कि वह तो सवेरे-सवेरे आ ही रहा था । रास्ते में एक दूसरे शेर ने उसे मारने की कोशिश की । तब खरगोश ने उसे बताया कि वह उसे नहीं मारे । यदि मार दिया तो हमारे शेर राजा बहुत नाराज हो जाएंगे और आपको छोड़ेंगे नहीं। दूसरे शेर ने खरगोश से कहा कि मैं ही इस जंगल का राजा हूँ और सबसे बलवान हूँ । तुम्हारे राजा मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ पाएंगे । यह सुनकर शेर को बहुत गुस्सा आया। उसने दहाड़ मारकर कहा, "ठीक है, तुम्हें तो मैं बाद में खाऊँगा । पहले मुझे उस दुष्ट शेर के पास ले चलो जो अपने आपको इस जंगल का राजा कहता है ।" खरगोश उसे एक कुएँ के पास ले गया और कहने लगा, "राजन वह दुष्ट शेर इसी कुएँ में छिपा बैठा है ।" शेर ने क्रोधित होकर कुएँ में झाँककर देखा। कुएँ में उसे अपनी परछाईं दिखाई दी । उसे दूसरा शेर समझकर शेर ने कुएँ में छलाँग लगा दी और मारा गया । जंगल के सभी जानवर खरगोश की चतुराई के कारण सुख से रहने लगे ।

— * —

सत्यमेव जयते

पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग
পত্রাচার পাঠ্যক্রম বিভাগ
केंद्रीय हिंदी निदेशालय
কেন্দ্রীয় হিন্দী নিদেশালয়

हिंदी डिप्लोमा पाठ्यक्रम (बांग्ला माध्यम)
হিন্দী ডিপ্লোমা পাঠ্যক্রম (বাংলা মাধ্যম)

उत्तर पत्र 1-4 **উত্তরপত্র 1-4**

उत्तरपत्र प्राप्ति तिथि { **छात्र / छात्री** : .....
নিদেশালয় : .....

प्राप्तांक **প্রাপ্তাংক**	**1**	..... / 20	**2**	..... / 20	**3**	..... / 20	**4**	..... / 20

आमादेर सङ्गे पत्राचारेर जन्य सर्वदा कोड सह निजेर रोल नं लिखुन

छात्र/छात्री निजेदेर कोड सह रोल नं एवं ठिकाना नीचे लिखुन

रोल नं /
রোল নম্বর

छात्र की मातृभाषा
শিক্ষার্থীর মাতৃভাষা .....

कु./श्रीमती/श्री / কু/শ্রীমতী/শ্রী .....

पता / ठिकाना .....

.....

.....

..... **पिन / PIN**

मूल्यांकन के लिए उत्तर पत्र इस पते पर भेजें:	**মূল্যায়নের জন্য উত্তরপত্র নিম্নলিখিত ঠিকানায় পাঠাবেন :**
उप निदेशक पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग केंद्रीय हिंदी निदेशालय पश्चिमी खंड-VII रामकृष्णपुरम नई दिल्ली-110066 (भारत)	The Deputy Director Dept. of Correspondence Courses Central Hindi Directorate West Block VII Rama Krishna Puram New Delhi - 110066 [INDIA]

उत्तरपत्रे उत्तर लेखार आगे पाठ सयत्ने पड़ुन

प्रश्न : 1. सही उत्तर पर (✓) निशान लगाइए ।

(क) ब्रजभूषण जी की पत्नी क्या करती हैं ?

(1) प्राध्यापिका हैं । ☐

(2) मशहूर वकील हैं । ☐

(3) घरेलू महिला हैं । ☐

(4) पायलट हैं । ☐

(ख) अधेड़ सज्जन कहाँ टहलने जाते थे ?

(1) करोल बाग टहलने जाते थे । ☐

(2) लोधी रोड टहलने जाते थे । ☐

(3) इंडिया गेट टहलने जाते थे । ☐

(4) कनाट प्लेस टहलने जाते थे । ☐

(ग) डॉ. ऋषि कुमार के बच्चे कहाँ रहते हैं ?

(1) दिल्ली ☐

(2) मुंबई ☐

(3) विदेश ☐

(4) लखनऊ ☐

(घ) रमेश ने कहाँ घूमने का कार्यक्रम बनाया ?

(1) शिमला ☐

(2) राजस्थान ☐

(3) केरल ☐

(4) इलाहाबाद ☐

(ङ) ब्रजभूषण और निर्मला होटल में ठहरे थे क्योंकि

(1) धर्मशाला में जगह नहीं मिली थी । ☐

(2) दोस्त ने अपने यहाँ नहीं ठहराया था । ☐

(3) उनकी ट्रेन लेट हो गई थी । ☐

(4) उनकी तबीयत खराब हो गई थी । ☐

प्रश्न : 2. नमूने के अनुसार सही जोड़े मिलाइए ।

(क)	(ख)
(1) सुंदर नगर में	एक मशहूर वकील हैं ।
(2) ब्रजभूषण इलाहाबाद के	इनका अपना क्लीनिक है ।
(3) पता चला कि वे लोग	घूमने का कार्यक्रम बनाया ।
(4) उसने राजस्थान	होटल में ठहरे हैं ।
(5) आजकल वकालत में	टूर पर जा रहे हैं ।
(6) अगली बार हम	और निर्मला जी आए हैं ।
(7) इलाहाबाद से ब्रजभूषण जी	आपके यहाँ ही ठहरेंगे ।
(8) हम लोग राजस्थान के	कोई मजा नहीं रहा ।

प्रश्न : 3. 'आइए, इनसे मिलें' पाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(1) डॉ. ऋषि कुमार का परिचय तीन वाक्यों मे दीजिए ।

.....

.....

.....

.....

.....

(2) ब्रजभूषण जी कौन है ? वे कहाँ रहते हैं ?

.....

.....

.....

(3) डॉ. ऋषि कुमार स्टेशन क्यों नहीं गए ?

.....

.....

.....

(4) डॉ. ऋषि कुमार और ब्रजभूषण जी की दोस्ती कैसे हुई ?

.....

.....

.....

(5) डॉ. ऋषि कुमार राजस्थान घूमने क्यों नहीं जाना चाहते थे ?

.....

.....

.....

प्रश्न : 4. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी समानार्थक शब्द लिखिए :–

(1) मित्र ..... (4) सुबह .....

